आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

डॉ परिमल स्वामी से यशभारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में विशेष चर्चा यश भारत न्यूज़ वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर देखें

● वर्ष- 16 अंक 194 ● कटनी ● गुरुवार, 18 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## खेलने के लिए घर से निकले तीन बच्चों की दमोह के नरगुवां तालाब में डूबने से मौत



**दमोह, यशभारत।** एक हद्रय विदारक हादसे में मोह जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के नरगुवां जलाशय में डूबने से तीन नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। उधर घटना के बाद स्वजनों का बुरा हाल है, पूरे गांव में दुख का माहौल है, क्योंकि एक साथ तीन जिंदगियां खत्म हो गईं। घटना बुधवार शाम पांच बजे की बताई जा रही है। 12 से 14 वर्ष की उम्र के चार बच्चे घर से खेलने की बात कहकर एक साथ गए थे, लेकिन एक घंटे बाद एक बच्चा दौड़ता हुआ घर आया और उसने बताया कि उसके तीनों साथी तालाब में डूब गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्वजन तत्काल जलाशय के पास पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचित किया। स्थानीय ग्रामीण और स्वजनों ने जलाशय से दो बच्चों के शव बाहर निकाले और स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीसरे बच्चे का शव शाम 7 बजे तक नहीं मिल सका था। काफी खोजबीन के बाद रात करीब आठ बजे तीसरे बच्चे का शव भी जलाशय में मिल गया। स्थानीय तेंदूखेड़ा निवासी हेमंत नामदेव ने बताया कि उनके दो भांजे और और उसके दो नाबलिग साथी घर से स्कूल तक खेलने की बात कहकर गए थे, लेकिन जब भांजे ने आकर घटना की सूचना दी तब उन्हे पता लगा। तेंदूखेड़ा पुलिस के अनुसार कल्प पिता दामोदर नामदेव 12 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा, राज पिता राजू साहू 14 वर्ष और कपिल पिता कैलाश जैन 13 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा का शव जलाशय से बरामद कर लिया है ।

## भालू ने चरवाहे पर किया हमला भैंसों ने संघर्ष कर खदेड़ा



**पन्ना, यशभारत।** पन्ना में भैसों द्वारा चरवाहे की जान बचाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थानांतर्गत ग्राम झलाई से लगे जंगल में बुधवार को एक भालू के हमने से वृद्ध चरवाहा घायल हो गया। हालांकि, चरवाहे पर हमला करने वाले भालू को भैंसों ने संघर्ष करते हुए खदेड़ दिया, जिससे वृद्ध किसान की जान बच सकी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम झलाई निवासी रणधीर सिंह यादव (60) जंगल में भैंस चरा रहा था। एक खूंखार मादा भालू अपने बच्चों के साथ जंगल में विचरण कर रही थी। उसने वृद्ध चरवाहे पर हमला कर दिया। अपने स्वामी को संकट में देखकर भैंसें भालू से भिड़ गईं और संघर्ष करते हुए भालू को खदे ? दिया। इस संघर्ष में भैंसों को कोई चोट नहीं आई है। वृद्ध के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और खून से लथपथ वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भालू अपने बच्चे की सुरक्षा की दृष्टि से इस प्रकार के हमले कर देता है। करीब दो माह पहले नगर से लगी पहाड़ी पर स्थित मंदिर में दर्शन करने गए दंपती पर हमला कर भालू ने उनकी जान ही ले ली थी। भालू रैबीज नामक बीमारी से पीड़ित था। वन विभाग की टीम ने दो-तीन घंटे की मेहनत के बाद भालू को पकड़ लिया था।

### कारम डैम बनाने वाली कंपनियों पर कार्रवाई

## दोनों ब्लैक लिस्टेड, टीकमगढ़ में बनाई हरपुरा नहर भी टूटी



**ANS और सारथी कंपनियों के लाइसेंस भी सस्पेंड**

**भोपाल, यशभारत।** धार के कारम डैम में लीकेज के बाद सरकार ने एक्शन लिया है। सरकार ने मामले में लापरवाही बरतने वाली हस्र कंस्ट्रक्शन और सारथी कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। साथ ही, दोनों कंपनियों को नोटिस भी भेजा गया है। दोनों कंपनियों का रजिस्ट्रेशन भी सस्पेंड कर दिया है। बांध निर्माण को लेकर विपक्ष ने भी दोनों कंपनियों पर सवाल उठाया था। धार का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि सारथी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा टीकमगढ़ में बनाई गई हरपुरा नहर बौरी गांव के पास टूट गई। इससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई। सबसे ज्यादा नुकसान बौरी गांव की महिला किसान जसोदा यादव पति स्व. गोकुल यादव का हुआ है। धार में कारम डैम में लीकेज के बाद 18 गांवों के 40 हजार से ज्यादा लोगों का जीवन संकट में आ गया था।

टीकमगढ़ जिले में तत्कालीन प्रभारी मंत्री जयंत मलैया ने 41 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली हरपुरा नहर का भूमिपूजन किया था। इस परियोजना से 14 तालाबों को जोड़कर भरा जाना था। इस नहर के साथ ही चंदेलकालीन तालाबों को भरने और पाइप डालकर सिंचाई के संसाधनों का विस्तार किया जाना था। इस नहर का काम करने वाली सारथी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इसमें इतना घटिया निर्माण किया कि पहली टेस्टिंग में ही यह निर्माण फेल कर दिया गया था। यह देश की पहली नदी-तालाब जोड़ों परियोजना थी। नहर एमपी-यूपी के बीच जामनी नदी में बनाई गई है। यहां से जामनी का पानी 14 तालाबों तक पहुंचाया जाना था। लेकिन सिर्फ चार तालाब भर सके। दरअसल इसकी सहायक नहरों के निर्माण में तकनीकी चीजों का ध्यान नहीं रखा गया था।

हरपुरा नहर के निर्माण में तकनीकी खामियां हैं। कई जगह नहरें ऊंची कर दी गईं, जिससे पानी का बहाव रुक गया। यदि नहर का निर्माण काम यदि सही ढंग से किया जाता तो सूखे से जूझ रहे किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल सकता था। विशेषज्ञों का कहना है कि नहरों के निर्माण में तकनीकी खामियों को नजरअंदाज कर दिया गया। इस परियोजना से 1980 हेक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने के साथ-साथ एक हजार साल पुराने ऐतिहासिक चंदेलकालीन तालाबों को भी नया जीवन दिया जाना था।



## प्रेंग्नेट महिला ने ट्यूब पर बैठ पार की उफनती नदी

**हरदा में दूसरे किनारे पर खड़ी थी जननी एक्सप्रेस, अस्पताल में बेटे को दिया जन्म**

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटा हुआ है। इस बीच हरदा के कुकरावद गांव से एक शर्मिंदा करने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां प्रेंग्नेट महिला को ट्यूब के सहारे उफनती नदी पार कराई गई। नदी के दूसरे किनारे पर जननी एक्सप्रेस खड़ी थी। जहां तक पहुंचने का कोई अन्य साधन नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को ट्यूब का सहारा लेना पड़ा। हाल ही में हुई जोरदार बारिश की वजह से नदी के रपटे पर बाढ़ का पानी आ गया था। ऐसे में महिला को दूसरे किनारे तक पहुंचाने के लिए जुगाड़ से काम चलाना पड़ा। वहां पहुंचने के बाद महिला को एंबुलेंस की मदद से निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां महिला ने बेटे को जन्म दिया है। मामला मंगलवार का है। कुकरावद गांव के रहने वाले गणेश खोरे ने बताया कि मेरी पत्नी राजंती (25 वर्ष) को प्रसव पीड़ा हो रही थी। गांव के बाहर रपटे पर बाढ़ का पानी था। ऐसे में ग्रामीणों ने ट्यूब पर लकड़ी का पटिया बांधा और उस पर पत्नी को बैठाकर नदी पार कराई। दूसरे किनारे पर खड़ी एंबुलेंस से उसे अस्पताल भिजवाया गया।




## फेक न्यूज पर मोदी सरकार की डिजिटल स्ट्राइक

**8 यूट्यूब चैनल को किया ब्लॉक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया के इस दौर में फेक न्यूज सबसे बड़ी चुनौती सरकार के लिए बन चुकी है। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लगातार इसके खिलाफ कार्रवाई करती रहती है। ताजा जानकारी के मुताबिक, सरकार ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में 8 YouTube चैनलों को ब्लॉक कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, 7 भारतीय और एक पाकिस्तानी यूट्यूब समाचार चैनल को IT नियम, 2021 के तहत ब्लॉक किया गया है। आपको बता दें कि इन यूट्यूब चैनलों को 114 करोड़ से अधिक बार देखा गया है। इसके अलावा इनके 85 लाख 73 हजार सब्सक्राइबर थे। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने में इस तरह की कार्रवाई की गई थी। केंद्र सरकार ने तब बड़ा फैसला लेते हुए 22 यूट्यूब चैनलों के भारत में प्रसारण पर रोक लगा दी थी।

## मंडला में स्क्रैप से बना रोबोट संभाल रहा यातायात

### 3 हजार रुपये में पुलिस अधिकारी ने बना डाला



**मंडला, यशभारत।** यातायात के बढ़ते दबाव का कम करने विभाग नये नये जतन कर रहा है। अब मंडला में सड़क पर स्क्रैप से बना रोबोट ट्रैफिक व्यवस्था संभालते दिख जाए तो हैरान न होना। आदिवासी जिले मंडला में यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने कबाड़ से एक रोबोट बनाया है, जो ट्रैफिक को कंट्रोल करने में मदद कर रहा है। इसका फायदा भी दिखने लगा है। लोग नियमों का पालन करने लगे हैं। इस रोबोट को बनाने में करीब 2-3 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इंदौर में भी यातायात सिग्नल के रूप में देश का पहला रोबोट स्थापित किया गया था, हालांकि इसे इंजीनियरों ने मिलकर 30 लाख रुपये में बनाया था। मंडला के पुलिस अधिकारी की अब सभी जगह तारीफ हो रही है। बता दें कि मंडला जिले के यातायात थाने में पदस्थ एक पुलिस अधिकारी सूबेदार योगेश राजपूत ने ये कमाल किया है। उन्होंने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमारे जिले में एक ही चौराहा है जहां सिग्नल लगा है। ग्रामीण अंचलों से लोग शहर आते हैं। लोगों से सिग्नल का पालन कराना बहुत बड़ा टास्क है। इसी उद्देश्य के तहत मैंने एक रोबोट बनाया है, जो लोगों को बता सके कि ट्रैफिक सिग्नल का पालन कैसे करना है। इस रोबोट को बनाने के लिए मैंने घरेलू चीजों का इस्तेमाल किया है, जिसमें लगभग 2-3 हजार रुपये का खर्च आया है। योगेश राजपूत ने बताया कि रोबोट को प्रायोगिक तौर पर बनाया गया है।



## बंगाल में अलकायदा के दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने उत्तरी 24 परगना जिले के सासन के खारीबाड़ी इलाके से प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलकायदा के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का संकेत देने वाली सामग्री जब्त की गई है। एसटीएफ ने सासन पुलिस थाने के तहत खारीबाड़ी इलाके में यह कार्रवाई की। दोनों को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ के अनुसार ये भारतीय उप-महाद्वीप में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सक्रिय सदस्य हो सकते हैं। एसटीएफ के सूत्रों ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान गंगारामपुर, जिला दक्षिण दिनाजपुर निवासी अब्दुर रकीब सरकार और हुगली जिले के आरामबाग निवासी काजी अहसानुल्लाह के रूप में हुई है पश्चिम बंगाल पुलिस के एसटीएफ ने दावा किया कि उनके कब्जे से भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने का संकेत देने वाला कट्टरपंथी साहित्य जब्त किया गया है। हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ यूएपीए और आईपीसी के विभिन्न प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया गया है।

## नितिन गडकरी को हटाने के पीछे क्या है भाजपा की रणनीति ?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था केंद्रीय संसदीय बोर्ड से नितिन गडकरी का बाहर होना भाजपा की भावी रणनीति से तो जुड़ा है। यह फैसला पार्टी के अंदरूनी घटनाक्रमों को भी प्रभावित करने वाला है। नया घटनाक्रम पार्टी के भीतर उनके राजनीतिक वजूद को तो प्रभावित करेगा ही, साथ ही उनकी चुनावी राजनीति पर भी असर डालेगा। महाराष्ट्र की राजनीति से 2009 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर राष्ट्रीय फलक पर उभरे नितिन गडकरी अब भाजपा के केंद्रीय संगठन में अहम भूमिका से बाहर हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री हैं और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं, लेकिन केंद्रीय संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अब बाहर रहेंगे। इससे पार्टी के भीतर उनका कद भी प्रभावित हुआ है। गडकरी अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे और राजनीति को लेकर उनकी अपनी अलग सोच भी जगजाहिर होती रही है। हाल में उन्होंने एक कार्यक्रम में मौजूदा राजनीति पर सवाल खड़े किए थे और संकेत दिए थे कि अब राजनीति उनके लिए बहुत ज्यादा रुचिकर नहीं है। हालांकि, गडकरी को भाजपा संगठन में कई बदलाव के लिए भी जाना जाता है। अपनी अलग शैली के कारण कई बार वह सबके साथ समन्वय बनाने में सफल भी नहीं रहे। मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी भूमिका की सबसे ज्यादा सराहना की गई। देशभर में फैले राष्ट्रीय राजमार्गों के जाल को लेकर गडकरी की तारीफ उनके विरोधी भी करते हैं। लेकिन पार्टी के अंदरूनी समीकरणों में उनकी दिक्कतें बनी रहीं। अपने बेलौस अंदाज़ से भी वह विवादों में भी रहे। केंद्रीय नेतृत्व ने नितिन गडकरी को संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल नहीं कर एक बड़ा संदेश दिया है कि पार्टी व्यक्ति के बजाय विचारधारा पर केंद्रित है। इसके विस्तार में जो भी जरूरी होगा वह किया जाएगा। इसके पहले पार्टी ने मार्गदर्शक मंडल गठित कर वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को पार्टी की सक्रिय राजनीति से अलग कर उसमें शामिल किया था।पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह से विचारधारा के एजेंडे को बीते सालों में तेजी से लागू किया, इसका असर सरकार से लेकर संगठन तक देखने को मिला है।।

**महाराष्ट्र तक होगा असर**

## अगस्त पार कर लें,झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को भाजपा की खुली चुनौती



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगस्त पार कर लें। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर यह चुनौती दी है। शेल कंपनी केस में सुप्रीम कोर्ट की ओर से फैसला सुरक्षित रखने के साथ हाई कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगने के बाद एक तरफ जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) इसे अपने लिए राहत के रूप में पेश कर रहा है तो गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ट्विटर पर जवाब में चुनौती दे डाली है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने ट्विटर पर सुप्रीम कोर्ट के रुख का जिक्र करते हुए लिखा, हमारे मुंगेरीलाल निशिकांत दुबे जी कुछ सुने की नहीं की माननीय सुप्रीम कोर्ट क्या कह रहा है। ख्याली पुलाव की दुनिया से बाहर आइए। और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बारे में क्या कहा गया उसे जानिए और सीधा बाबूलाल मरांडी के साथ हरिद्वार निकल लीजिए। शायद कुछ पाप धुल जाए। दुबे ने जवाब देते हुए लिखा, सौ सुनार की एक लोहार की। मुख्यमंत्री जी अगस्त पार कर लें।

## भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन पर दुष्कर्म का केस दर्ज करने का आदेश



**नई दिल्ली , एजेंसी।** हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को राहत प्रदान करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने बुधवार को पुलिस को शाहनवाज हुसैन के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तीन माह में जांच पूरी करने का निर्देश दिया है।दिल्ली की रहने वाली महिला ने जनवरी 2018 में निचली अदालत में याचिका दायर कर हुसैन के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करने का गुजारिश की थी। महिला ने आरोप लगाया था कि हुसैन ने छतरपुर फार्म हाउस में उसके साथ दुष्कर्म किया व जान से मारने की धमकी दी। मजिस्ट्रेटी कोर्ट ने 7 जुलाई को हुसैन के खिलाफ धारा 376/328/120/506 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश देते हुए कहा था कि महिला की शिकायत में संज्ञेय अपराध का मामला है।

## रूस में 10 बच्चे पैदा करने पर महिलाओं को मिलेंगे 10 लाख रूबल



**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कोविड -19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उभरे देश के जनसांख्यिकीय संकट को बहाल करने के लिए महिलाओं को 10 या अधिक बच्चे पैदा करने के लिए पैसे की पेशकश कर रहे हैं। 10 बच्चों को जन्म देने और जीवित रखने के लिए 13,500 पाउंड दिए जाएंगे। विशेषज्ञों ने इसे एक हताश प्रयास के रूप में वर्णित किया जा रहा है। रूसी राजनीति और सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ जेनी मैथर्स ने टाइम्स रेडियो पर ब्रॉडकास्टर हेनरी बोन्सु से नई रूसी इनाम योजना के बारे में बात की। आपको बता दें कि इसे च्मदर हीरोइनज का नाम दिया गया है। पुतिन ने इसे रूस घटती आबादी को फिर से भरने के उपाय के रूप में घोषित किया है। इस साल मार्च के बाद से रूस में कोरोना महामारी के कारण कई मौतें हुईं। वहीं, यूक्रेन से युद्ध के कारण 50,000 से अधिक सैनिकों की जान जा चुकी है। डॉक्टर मैथर्स ने कहा कि पुतिन कहते रहे हैं कि बड़े परिवार वाले लोग ज्यादा देशभक्त होते हैं। बोनसु ने कहा, च्सोवियत युग का पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है जिनके दस या उससे अधिक बच्चे होते हैं। इसे मदर हीरोइन कहा जाता है। यह युक्रेन से साथ गहराए युद्ध संकट के बीच रूस की जनसंख्या को बहाल करने का एक प्रयास है।

## केन्द्र ने जारी किए 5जी स्पेक्ट्रम असाइनमेंट लेटर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कुछ ही महीनों में फोन पर 5जी की सुविधा मिलने लगेगी। इस दिशा में सरकार की ओर से सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कंपनियों को 5जी स्पेक्ट्रम असाइनमेंट लेटर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी ञ्स्क्क (टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर) से 5त्र लॉन्च की तैयारी करने का अनुरोध किया गया है। आपको बता दें कि देश की अबतक की सबसे बड़ी दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी में रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुई थीं। दूरसंचार विभाग को दूरसंचार कंपनियों से 5जी स्पेक्ट्रम के अग्रिम भुगतान के रूप में 17,876 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान मिला है।

## गाजीपुर में सांसद अफजाल अंसारी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**गाजीपुर , एजेंसी।** सांसद अफजाल अंसारी के ठिकानों पर ईडी ने बड़ी कारवाई की है। गाजीपुर में बृहस्पतिवार की सुबह लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने नगर के मिश्रबाजार, टाउन हाल के सराय गली, रौजा और मुहम्मदाबाद में छापेमारी की। यहां एक मकान को सीआरपीएफ की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल टीम अभी मकानों को खंगाल रही है। कुछ भी बताने से इनकार किया जा रहा है। सुबह करीब पांच बजे सीआरपीएफ के साथ पहुंची ईडी की टीम, मिश्रबाजार स्थित आभूषण व्यवसायी विक्रम अग्रहरी, खान ट्रेवल्स संचालक टाउन हाल के सराय गली निवासी मुस्ताक खां, रौजा स्थित व्यवसायी गणेश दत्त मिश्रा और गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के फाटक आवास पर छापेमारी कर रही है। इस दौरान मकान के प्रमुख दरवाजे से लेकर सड़क तक सीआरपीएफ का कड़ा पहरा है। फिलहाल छापेमारी जारी है।

## पटना में अपराधी हुए बेलगाम 16 साल की लड़की को गोली मारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अपराधी एक बार फिर से बेलगाम होते जा रहे हैं। ताजा मामला है राजधानी पटना का जहां अज्ञात अपराधियों ने एक सब्जी विक्रेता की 16 साल की बेटी को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार बेउर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मोहल्ला से छात्रा जब कोचिंग पढ़कर घर लौट रही थी उसी समय वारदात को अंजाम दिया गया। छात्रा के गले में गोली लगी जिसके बाद आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल लड़की का इलाज चल रहा है।

# 30 की उम्र में कराएं हेल्थ चेकअप, नवीन जीवन शैली से बदला बीमारियों का पैटर्न : डॉ परिमल स्वामी

**वर्तमान समय में बदलती जीवन शैली और लोगों की व्यस्त दिनचर्या के चलते 30 साल की उम्र के बाद रूटीन चेकअप कराते रहना चाहिए। जिसमें बीपी, शुगर हॉर्ट, थायराइड जैसे बीमारियों से बचा जा सकता है। क्योंकि पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि जिन बीमारियों से लोग 40 की उम्र के बाद सच होते थे वे अब 10 साल पहले ही लोगों को हो रही हैं। ऐसे में उनसे बचने के लिए सचेत रहना आवश्यक है।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

यह कहना है डॉक्टर परिमल स्वामी का जो यशभारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में वर्तमान स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चर्चा कर रहे थे। जिसे आप विस्तार से यश भारत न्यूज़ वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## कोरोना के 99 प्रतिशत केस माइल्ड

चर्चा की शुरुआत में कार्यक्रम के संचालक आशीष शुक्ला द्वारा कोरोना के विषय में सवाल पूछा गया इसका जवाब देते हुए डॉ स्वामी ने बताया कि जो मामले आ रहे हैं उसमें 99त्र केस माइल्ड है। जिनमें साधारण सर्दी जुकाम और बुखार के लक्षण हैं जो 5 से 7 दिनों में ठीक हो रहे जिसके लिए कोई विशेष दवा की आवश्यकता नहीं होती। वह साधारण दवाओं से ही घर में रहकर ठीक हो जाते हैं। लेकिन उन्होंने इस तरह के सिमटम रखने वाले लोगों को आइसोलेशन में रहने की सलाह दी है क्योंकि कोरोनावायरस के सिम्टम्स तो कम हो गए हैं लेकिन उसके फैलने की रफ्तार अभी भी उतनी ही है। ऐसे में नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए हैं लोगों को आइसोलेशन में रहना चाहिए साथ ही उन्होंने वायरस के बारे में कहा कि यह पूरी तरह से कभी समाप्त नहीं होगा लेकिन इसका असर कम हो चुका है अब यह सामान्य वायरस की तरह हमारे बीच में रहेगा।



यश भारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में डॉ. परिमल स्वामी से विशेष चर्चा

## एक्सरसाइज स्ट्रेस टेस्ट जरूर करवाएं

चर्चा के दौरान पूछा गया कि वर्तमान समय में ऐसे लोगों को भी हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज जैसी समस्याएं आ रही हैं जो पूरी तरह से फिट रहते हैं और नियमित एक्सरसाइज करते हैं। इसके जवाब में डॉ परिमल स्वामी ने बताया कि 30 साल की उम्र के बाद लोगों को एक्सरसाइज स्ट्रेस टेस्ट करवाना चाहिए क्योंकि बाहर से तो कोई लक्षण समझ में नहीं आते लेकिन उनका शरीर एक्सरसाइज स्ट्रेश लेने के लिए तैयार नहीं होता है और वे नियमित रूप से एक्सरसाइज जिम आदि करते हैं। जिस कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ता है जिसके लिए जरूरी है कि 30 साल की उम्र में बीपी शुगर हार्ट थायराइड आदि के साथ-साथ यह परीक्षण भी करवाना चाहिए। क्योंकि ऐसे में कोई भी लक्षण व्यक्ति के शरीर में नहीं दिखते लेकिन जब अटैक होता है तो उसके परिणाम बहुत घातक होते हैं।

## लेबल पर रखें शुगर और बीपी

डॉ परिमल स्वामी ने बताया कि शुगर और बीपी बहुत सारी बीमारियों का कारण बनता है अलग-अलग लोगों में उनकी बीमारी के स्तर के आधार पर और दूसरी अन्य बीमारियों के आधार पर शुगर और बीपी को अलग-अलग रखा गया है। फिर भी एक स्वस्थ आदमी जिसे शुगर की बीमारी नहीं है तो उसका खाली पेट शुगर लेवल 100 से कम और खाना खाने के बाद शुगर का स्तर 140 से कम होना चाहिए। वहीं ब्लड प्रेशर के विषय में उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 होना चाहिए। जिस व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 से कम होता है उसे हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज की संभावना बहुत कम होती है। इसके अलावा उन्होंने अलग-अलग स्तर पर थायराइड के लेबल भी बताएं साथ ही लोगों की उम्र और बीमारियों के हिसाब से बीपी शुगर के स्तर भी विस्तार से समझाएं। जिस को आप यश भारत प्राइम टाइम में अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाकर विस्तार से समझ सकते हैं।

# जन्माष्टमी को लेकर दुविधा, आज और कल दो दिन मनाया जा रहा श्री कृष्णजन्म, राशि के अनुसार अर्पण करें पूजा

**कटनी, यशभारत।** इस बार रक्षाबंधन की तरह जन्माष्टमी को लेकर दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरकार जन्माष्टमी कब मनाई जाए। 18 या 19 अगस्त को। दरअसल हिंदू धर्म में कोई भी त्योहार या व्रत तिथि के आधार पर मनाई जाती है ऐसे में उदया तिथि में अंतर आने की वजह से व्रत-त्योहार में दिनों का फर्क हो जाता है। अष्टमी तिथि आज यानी 18 अगस्त को रात 9 बजकर 21 मिनट से शुरू हो रही है। वहीं अष्टमी तिथि 19 अगस्त को रात 10 बजकर 59 मिनट पर समाप्त हो जाएगी।



### आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए घर पर भगवान कृष्ण की ऐसी तस्वीर लगाएं

अगर आप अंदर आत्मविश्वास की कमी है तो अपने घर की उत्तर दिशा में अर्जुन को गीता का ज्ञान देते हुए श्रीकृष्ण की तस्वीर लगाएं और रोज पूजा करें, इससे आपमें आत्मविश्वास आएगा। साथ ही किसी नौकरी के लिए इंटरव्यू देते वक्त आप नहीं घबराएंगे।

### लड्डू गोपाल को जन्मदिन पर ऐसे सजाएं

- कृष्ण जन्माष्टमी पर घर पर बालगोपाल की मूर्ति के लिए नए वस्त्र जरूर खरीदें और उन्हे पहनाएं।
- मोरमुकुट, मोरपंख, आभूषण,बांसुरी और माला जरूर लाएं।
- जन्मदिन पर बालगोपाल की पूजा और आरती जरूर उतारें और माथे पर टीका लगाएं।
- जन्माष्टमी पर बाल गोपाल के लिए झूले लाएं और उन्हें झूला झूलाएं।

### सिंह, कन्या, तुला और वृश्चिक राशि वाले कैसे करें जन्माष्टमी की पूजा

**सिंह राशि**- जिन जातकों की राशि सिंह है वे लोग जन्माष्टमी के दिन बाल गोपाल को गुलाबी रंग का वस्त्र पहनाएं। मेवे का भोग लगाएं।
**कन्या राशि**- कन्या राशि वाले कान्हा को हरे रंग का वस्त्र पहनाएं और माखन मिश्री का भोग अर्पित करें।
**तुला राशि** - इस राशि के जातक भगवान कृष्ण को केसरिया रंग का कपड़ा अर्पित करें और धी और माखन का भोग लगाएं।
**वृश्चिक राशि**- इस राशि को लोग भगवान कृष्ण को लाल वस्त्र पहनाएं और तुलसी के पत्ते के साथ माखन-मिश्री का भोग लगाएं।

## त्योहार को लेकर व्यवस्थित यातायात के कोई प्रयास नहीं

**कटनी, यशभारत।** अक्सर देखा जाता है कि त्योहार के समय बाजार में भीड़ बढ़ती है। यह हर वर्ष होता है, लेकिन प्रशासन की तरफ इसके लिए कोई इंतजाम पहले नहीं किए जाते। गत दिवस प्रमुख चौराहे में राखी-रूमाल, चुनकों का बाजार लगा रहा। सड़क पर जाम की स्थिति बनती रही लेकिन नगर निगम की ओर त्योहारी बाजार को किसी बडे मैदान में लगाने की पहल नहीं की गई। शहर में आसपास ऐसी बहुत सी जगह है जहां पर त्योहारी सीजन का बाजार लगवाया जा सकता है। जहां पर नागरिक खुलकर खरीदी कर सकते है, लेकिन सुभाष चौक पर ही हर वर्ष इसी तरह का मजमा लगता है, लेकिन प्रशासन कोई सबक नहीं लेता। आज जन्माष्टमी पर्व पर भी ऐसा हाल था।

# कोरोना काल दे गया सीख बच्चों ने पेड़ पौधों को बांधी राखी

**कटनी, यशभारत।** कोरोना काल को भयानक रूप में देखने के बाद भी जहां आज कुछ लोग अनदेखी कर रहे हैं और आक्सीजन की कमी देखने बाद भी हरे भरे पेड़ों का कत्लेआम किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर रीठी विकास खंड के एक स्कूल की बच्चियों ने रक्षाबंधन पर्व के मौके पर पेड़ों को तिलक लगाते हुए राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया है। बच्चियों की इस अनूठी पहल की चर्चाओं का बाजार भी गर्म है लोग इस कार्य की सराहना भी कर रहे हैं। आपको बता दें कि रीठी विकास खंड अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला लाटपहाड़ी की छात्राओं ने कोरोना काल में आक्सीजन की कमी को देखते हुए रक्षाबंधन की पूर्व संध्या को ग्राम के सभी पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र व तिलक लगाकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चियों ने बड़ी संख्या में पौधारोपण कर उनकी रक्षा करने का भी संकल्प लिया। साथ ही घर में व ग्राम में सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरुकता रैली भी निकाली। इस मौके पर छात्रा नंदनी पटेल, राधिका पटेल, प्रियंका पटेल, रिद्धि दुबे, आंचल पटेल, संगीता पटेल, प्राची पटेल, प्रगति पटेल, खुशी बर्मन सहित विद्यालय के शिक्षक अजय सोनी, शिक्षिका अंजना सोनी भी शामिल रहे।



जन्माष्टमी पर विशेष

# घनघोर बारिश के बीच लोगों ने तीन दिन सुनी थी बांसुरी की आवाज

**कटनी, यशभारत।** भगवान कृष्ण की भक्ति को समझने वाले कलयुग में कृष्ण की लीलाओं को महसूस करते हैं। तभी तो कई ऐसी कहानी हैं जिने आज भी माना जाता है। कृष्ण मंदिर से जुड़ी ऐसी ही एक कहानी कटनी जिले के बांधा में स्थापित कृष्ण मंदिर से जुड़ी है। द्वापर युग के साथ कलियुग में भी उनकी ऐसी-ऐसी लीलाएं चरितार्थ हो रहीं हैं जो लोगों को चकित कर रहीं हैं। ऐसा ही कुछ जीवंत उदाहरण है कटनी जिले के ग्राम बांधा इमलाज में। जहां पर विराजे कृष्ण कन्हैया की अनूठी कहानी चरितार्थ हो रही है। जिसे अब लोग लघु वृंदावन के नाम से जानते हैं। शानदार नक्काशी और पुरातन कलाकृति का नमूना जिले की रीठी तहसील का बांधा इमलाज राधा कृष्ण मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। लगभग 85 वर्ष पुराने मंदिर की नींव से लेकर गुम्बद तक के निर्माण में मात्र 15 हजार रुपए और 11 साल तक मालगुजारी में मिलने वाले अनाज का खर्चा आया था। बुजुर्ग बताते हैं कि मंदिर के निर्माण के दो वर्ष बाद सात दिनों तक जिले में लगातार बारिश का दौर चला था और उस दौरान कान्हा की मुरली की नाद लोगों को तीन दिन तक सुनने को मिली थी। तभी से चमत्कारिक मंदिर क्षेत्र को लोग लघु वृंदावन के नाम से पुकारते हैं। गांव के वयोवृद्ध पं. सीताराम मिश्रा ने बताया कि गांव के मालगुजार पं. गोरेलाल पाठक ने मंदिर की आधार शिला रखी थी लेकिन अल्प आयु में ही उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उनकी पत्नी भगौता देवी व पूना देवी ने उनके संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया।



### ऐसे तैयार हुआ मंदिर


मंदिर समिति महेश पाठक ने बताया कि मालगुजार की पत्नियां भगवान श्रीकृष्ण को पुत्र व राधारानी को पुत्रवधु मानती थीं। जिसके चलते वर्ष 1915 में मंदिर का निर्माण प्रारंभ कराया गया, जो 9 वर्ष बाद 1924 में पूर्ण हुआ। 1926 में मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। पाठक ने बताया कि उस दौरान मंदिर के निर्माण में 15 हजार रुपए और उसके साथ मालगुजार को गांव से मालगुजारी के रूप में मिलने वाला 11 साल का अनाज लगा था। बुजुर्गों ने बताया कि स्थापना के दो वर्ष बाद 1928 के भादों माह में सात दिन तक लगातार बारिश हुई थी तब लोगों को तीन दिन व तीन रात बांसुरी की धुन सुनाई दी थी।



## आजादी के पर्व पर ध्वजारोहण

**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता की स्वर्णिम वर्षगांठ 15 अगस्त सोमवार को अशोक कॉलोनी समुदायिक भवन सुखसागर अपार्टमेंट के बाजू से प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी वार्ड वार्ड क्रमांक 14 पार्षद श्रीमती प्रेमवती रजक डब्बू एवं सभी वार्ड वासी द्वारा इस अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्रगान किया गया। वार्ड पार्षद प्रेमवती रजक, विजय डब्बू रजक, राहुल कछवाहा, प्रियंक मालवीय्, सुधीर रजक, भरत नामदेव, राजेश हल्दकर, श्रीमती सरस्वती देवी कछवाहा, सीमा मालवीय, आदि शामिल रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 11 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




रक्षाबंधन
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 11 से
दोपहर 12.30, 4, 7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




लालसिंह चड्डा
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 19 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से



रक्षाबंधन
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# सिंधी समाज की महिलाओं ने सातम का पर्व थदड़ी मनाया



**कटनी, यशभारत।** सिंधी समाज की ओर से बड़ी सातम का पर्व (थदड़ी) सोमवार को घर-घर में मनाई गई। इसकी पूर्व संध्या पर बुधवार को को महिलाओं ने सिंधी व्यंजन बनाए गए, जिनमें मीठी रोटी, दही बड़े, मीठे चावल, नानकताई एवं सिंधी मिठाई आदि का भोग माता शीतला को 'ठंडे' के रूप में चढ़ा कर घर के सदस्यों ने ग्रहण किया। साथ ही जल पुजन पीपल पूजन किया। नई बस्ती, माधवनगर आदि स्थानों में बड़ी सातम के उपलक्ष्य में देव झूलेलाल को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया। तथा पूजा अर्चना की।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 18 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# मालगाड़ियों को ग्रीन, ट्रेनों को रेड सिग्नल

## राजस्व बढ़ाने यात्रियों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रेलवे को



कटनी, यशभारत। कटनी से बिलासपुर रूट का सफर करने वाले मुसाफिरों का सफर काफी कष्टदायक हो गया है। आलम यह है कि झलवारा, एनकेजे यार्ड एवं आउटर पर सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है और कोयले से लदी मालगाड़ियों को ग्रीन सिग्नल दिया जा रहा है, जिसके चलते इस रूट पर चलने वाली ट्रेनें घंटों विलम्ब से अपने गंतव्य तक पहुंच रही है। स्थिति यह है कि कटनी से शहडोल की सवा किलोमीटर की दूरी 4 से 5 घंटे में तय हो रही है। इससे यात्रियों की फजीहत हो रही है। जरूरी कामों को लेकर ट्रेन से सफर करने वाले यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते भारी परेशान हो रहे हैं। कोरोनाकाल के दौरान ट्रेनें बंद होने के चलते मालगाड़ियों से अरबों रूपए की कमाई करने के बाद भी रेलवे द्वारा ट्रेनों का परिचालन नहीं सुधारा गया है। जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस नर्मदा एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस, भोपाल बिलासपुर एक्सप्रेस, गोन्दिया बरौनी एक्सप्रेस, कटनी बिलासपुर पैसेंजर तो हर रोज घंटो देरी से चल रही हैं।

यश भारत
**खास खबर**

कटनी से शहडोल होते हुए बिलासपुर और बिलासपुर से शहडोल होते हुए कटनी की यात्रा करने वाले यात्रियों की पिछले करीब दो महीने से जमकर फजीहत हो रही है। इस रूट की ट्रेनों को स्टेशनों और आउटर पर रोककर एनकेजे यार्ड से मालगाड़ियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। यात्रियों का कहना है कि रेल प्रशासन द्वारा राजस्व बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन मुसाफिरों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। ट्रेनों को कटनी जंक्शन, झलवारा रेलवे स्टेशन और एनकेजे हाल्ट सहित आउटर पर घंटो रोका जा रहा है, जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह कोई एक दिन की बल्कि हर दिन की स्थिति हो गई है। यात्रियों का कहना है कि कटनी और बिलासपुर तक राइट टाइम आने वाली ट्रेनें जैसे ही यहां से आगे बढ़ती है, वैसे ही इनके लेटलतीफी से चलने का सिलसिला शुरू हो जाता है। कटनी से रवाना होने के बाद सबसे पहले इन ट्रेनों को एनकेजे में रोका जाता है। इसी तरह शहडोल से कटनी आने वाली गाड़ियां झलवारा में पिट रही हैं। झलवारा में इन ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को आगे निकाला जाता है।

### झलवारा और एनकेजे यार्ड में पिट रहीं ट्रेनें



एनकेजे यार्ड के आउटर में खड़ी सुपरफास्ट ट्रेन।

### सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों का बुरा हाल

### कटनी से बिलासपुर के बीच एक ही पैसेंजर ट्रेन, वो भी घंटों देरी से चल रही

कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर इस समय एक ही पैसेंजर ट्रेन चल रही है, वो भी घंटो देरी से अपने गंतव्य तक पहुंच रही है। जानकारी के मुताबिक कटनी से बिलासपुर के बीच रेलवे द्वारा मेमू ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन इस रूट पर प्रत्येक स्टेशन पर रूकती है। इसके पहले तक भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस एवं कटनी चिरमिरी पैसेंजर टेन भी इस रूट पर चलती थी लेकिन कटनी चिरमिरी पैसेंजर कोरोना काल के समय से बंद होने की वजह से कटनी-बिलासपुर पैसेंजर में यात्रियों की भारी भीड़ रहती है, लेकिन यह ट्रेन हर दिन काफी विलंब से अपने गंतव्य तक पहुंच रही है। इस ट्रेन को कई स्टेशनों पर घंटो रोककर सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों को निकाला जाता है। जिससे इस ट्रेन से यात्रा करने वाले मुसाफिरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने कहा कि सुबह बिलासपुर से रवाना होकर यह ट्रेन दोपहर में कटनी जंक्शन पहुंचती है लेकिन इसे यहां पर कभी आधा घंटे तो कभी एक घंटे रोका जाता है। इसके बाद जब यह ट्रेन यहां से रवाना होती है तो इसे पहले गायत्री नगर आउटर फिर एनकेजे और बाद में झलवारा में रोका जाता है। जिससे यह ट्रेन घंटो विलंब से अपने गंतव्य तक पहुंच रही है।

### यात्रियों ने पूछा : कब चलेगी कटनी मुड़वारा-चिरमिरी पैसेंजर ?

कटनी मुड़वारा स्टेशन से शहडोल होते हुए चिरमिरी तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का संचालन पिछले करीब ढाई सालों से बंद है। 2020 में जब कोरोना संक्रमण की पहली लहर आई थी, उस समय पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया था और सभी ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया था, इसके बाद जब संक्रमण की रफ्तार कम हुई तो ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया लेकिन कटनी-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन का संचालन अब तक शुरू नहीं किया गया है। इस ट्रेन से अधिकतर छोटे व्यापारी कटनी आते थे और वापस इसी ट्रेन से अपने गंतव्य को लौट जाते थे।



# स्कूल की छत जर्जर, अफसर नहीं दे रहे ध्यान, कभी भी हो सकता हादसा

**कटनी, यशभारत। जर्जर स्कूल भवनों में सुधार की तरफ शिक्षा विभाग का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। ऐसे में इन स्कूलों में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बेफिक्र अफसर भी जान अनजान बने हुए हैं। पिछले दिनों बहोरीबंद विकासखंड के अंतर्गत बाकल एवं गर्ल्स कॉलेज में क्लासरूम की छत गिरने के बाद भी न तो शिक्षा विभाग के अधिकारी गहरी निद्रा से जागे और न ही जिला प्रशासन के अधिकारी। ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी हादसे के इंतजार में है।**



जानकारी के शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला घंघरीकला में शाला भवन अत्यंत ही जर्जर और खस्ताहाल हो गया है। स्थिति यह है कि छत से प्लस्टर निकलकर जमीन पर गिर रहा है और बच्चों के साथ कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसकी जानकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को भी दी गई है लेकिन इसके बाद भी सुधार कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है। बताया जाता है कि प्राथमिक विभाग के बरामदे की छत कई जगह से जर्जर हो चुकी है। आलम यह है कि छत का प्लास्टर कई जगह से उखड़ चुका है। कुछ दिन पहले छत का प्लास्टर अचानक भर भराकर गिर गया। यह तो गनीमत रही कि उस समय क्लासरूम में बच्चे नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके अलावा ईपीईएस शाला में कई कमरों में दरारें आ गई हैं। छत में कई जगह से बरसाती पानी का रिसाब हो रहा है। जिससे बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अभिभावकों ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर आत्कृष्ट कराया है।

### स्कूल में बिजली है, लेकिन बल्व की व्यवस्था नहीं

स्कूल में बिजली का कनेक्शन है लेकिन न तो यहां पर बल्व है और न ही एलईडी लाइट की व्यवस्था की गई है। गर्मी के मौसम में यहां के शिक्षकों के साथ ही बच्चों को कई तरह की दिक्कतें होती हैं। यहां पंखे भी नहीं लगे हुए हैं। शाला भवन का गेट एवं फर्श भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। माध्यमिक शाला के रसोईघर की छत जर्जर हो चुकी है और यहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं है। सरकार स्कूलों की स्थिति सुधारने की तरफ करोड़ों रूपए खर्च कर रही है लेकिन कटनी जिले के स्कूलों की हालत किसी से छिपी नहीं है।

# दिल दिया है, जां भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए..

## आजादी के अमृत महोत्सव पर श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा राज पैलेस में तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन

कटनी, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा तिरंगा सम्मान समारोह 14 अगस्त को होटल राज पैलेस में रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित की उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में हनुमान मंदिर पीरबाबा बजरंगनगर के पुजारी एवं वैद विज्ञान पाठशाला के पुरोहित पंडित योगी जी महाराज ने स्वस्ति वाचन के बीच समारोह की शुरूआत की। इसके उपरांत देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गीतों के माध्यम से भारत की आन, बान और शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को उपस्थित सभी नागरिकों द्वारा सैल्यूट किया गया। अगली कड़ी में देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष सोनी, महासचिव राकेश तिवारी, प्रदेश महासचिव डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, कार्यक्रम प्रभारी अनुराग त्रिसोलिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।



### तिरंगा भेंटकर किया गया सम्मान



समारोह में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को तिरंगा भेंट करते हुए सम्मान किया गया। इस दौरान पत्रकार साथियों, नागरिकों एवं समाजसेवियों को भी तिरंगा भेंट करते हुए सम्मान किया गया। पिछले कई दशकों से संगीत के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध संगीतकार गायक माइकल और गायिका शाइस्ता खान को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तिरंगा भेंटकर सम्मानित किया गया।

### जनता की सेवा, शहर का विकास उद्देश्य

मुख्य अतिथि ज्योति दीक्षित ने कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य जनता की सेवा और शहर का चहुंमुखी विकास करना है। मै जनता की सेवा के लिए हर समय तत्पर हूं। अध्यक्षता करते हुए जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि अनगिनत शहीदों के बलिदान के बाद हमारा देश अंग्रेजों की दो सौ सालों की दासता से 15 अगस्त 1947 मुक्त हुआ था। इस वर्ष हम आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं, इसमे हर देशवासी को अपनी सहभागिता देना चाहिए।

### यादगार बन गया आयोजन

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन ने कहा कि आज का आयोजन यादगार बन गया। युवा पीढ़ी में देशभक्ति का जज्बा पैदा करने आजादी की 75वी सालगिरह को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर देशवासी से अपने घर पर सम्मान तिरंगा फहराने का आव्हान किया गया था। समारोह का सफल संचालन श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव डॉ. सुरेन्द्र राजपूत ने एवं आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष आशीष सोनी ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। गायिका शाइस्ता खान ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। इसी कड़ी में संघ के जिलाध्यक्ष आशीष सोनी ने भी कर चले हम फिदा अब जानोतन साथियों-अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों एवं दिल दिया है, जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिए गीत गाकर लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर दिया।

**इनकी रही उपस्थिति**

समारोह में डॉ मनोज खरे, सह प्रभारी राजेश जैन, कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र नायक, संभागीय महासचिव अनंत गुप्ता, आदेश खरया, संभागीय उपाध्यक्ष असलम खान, संभागीय सह सचिव नवनीत गुप्ता, श्याम तिवारी, अजय उपाध्याय, श्यामलाल सूर्यवंशी, पंकज खरे, हितेन्द्र सोनी, रश्मि राय, दीपका पांडे, विनय दीक्षित, सरिता गुप्ता, अज्जू सोनी, प्रदीप पांडे, सजल जैन, यश खरे, राजू दासवानी, शुभम राय, कृष्णा राय, मतीन खान, विनोद दुबे, शैलेंद्र कुशवाहा, लालू कुशवाहा, अजय गौतम, नारायण पटेल, अंशुल भाई, सुभाष गर्ग आदि की उपस्थिति रही।

# जैन सोशल ग्रुप ने किया तीर्थयात्रियों का स्वागत



**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सूरत की धर्म प्रभावना यात्रा बुंदेलखंड की तीर्थ यात्रा करने वाले 120 धर्मानुरागी बंधुओं का रेलवे स्टेशन कटनी पर जैन सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संजय सिंघई, मुकेश चंदेरिया, प्रवीण सिंघई, अमित जैन, सुनील जैन सोनू, ब्रजेश जैन, अंकित जैन, पुष्कर सिंघई, आशीष जैन, राजू, अमित कटारे सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

# शिव मंदिर व कॉलेज में युवाओं ने किया श्रमदान



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान एवं जिला युवा अधिकारी कुमारी कीर्तिका कुहर और सहायक पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता का सन्देश देने हेतु ग्राम पंचायत नन्हवारा कला के शिव मंदिर एवं शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में युवाओं द्वारा श्रमदान कर इसके माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका महक बड़गैया एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, आदित्य दुबे सहित क्षेत्रीय युवा ग्रामीण गण मान्य नागरिक एवं नेहरू युवा केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# राम जानकी वार्ड में कई महीने से बंद स्ट्रीट लाइट

**कटनी, यशभारत।** राम जानकी वार्ड क्रमांक 18 में सैकड़ों स्ट्रीट लाइट महीनों से बन्द है, जिससे मुख्य मार्ग में दुर्घटनाओं, बस्तियों में चोरी और आपराधिक गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि एसकेपी कॉलोनी स्थित एटीएम से लेकर प्रेमनगर तक के मुख्य मार्ग में स्ट्रीट लाईट पिछले काफी समय से बंद है। जिससे मार्ग पर अंधकार छाया हुआ है। वार्ड की पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त को इस संबंध में अवगत कराया है। आयुक्त ने जल्द ही सुधार कार्य का आश्वासन दिया है। पार्षद के मुताबिक मां मोबाइल के सामने परौहा मार्केट राम जानकी वार्ड के अंतर्गत दुष्यंत तिवारी के घर के सामने, कल्लू मौर्य के पीछे, कमल होटल के पास, खुर्रम भाईजान के घर के सामने की दोनों लाइट, शुम्बुल किराना के पास मुनीर खान के सामने, परौहा मार्केट के पास, महेश चौबे के बगल वाली लाइट, पुराने मम्मू मेडिकल के सामने की दोनों लाइट, आरजू राव के सामने की सोडियम लाइट, पुराने एनकेजे थाने के सामने की दोनों लाइट, निगम टेंट हाउस के सामने की 3 लाइट एवं लल्लू भाईजान कबाड़ी के मोड़ वाली सोडियम लाइट और हैलोजन पिछले काफी समय से बंद है। इसके अलावा साईं पुरम कॉलोनी और प्रेमनगर में कम से कम 50 स्ट्रीट लाइट बन्द है। पार्षद ने आयुक्त से बन्द स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र सुधरवाने की मांग की है।






## भाजपा का मंथन

# चुनाव में हार के जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेगी भाजपा

## प्रदेश संगठन ने 24 अगस्त तक मांगी रिपोर्ट

**भोपाल, यशभारत।** भाजपा नगरीय निकाय चुनाव में हार के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन की बैठक में दो टूक कहा कि चुनावों में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर टिकट नहीं मिले तो ये सही नहीं है कि पार्टी के खिलाफ काम करने लग जाओ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में हार हुई है, वहां सीनियर नेता जाएंगे। ये रिपोर्ट 24 अगस्त तक बुलाई गई है। बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सांसद, विधायक तथा बूथ विस्तारक अभियान प्रभारी मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कहा, ये मत सोचे कि मंत्री हैं। चार-छह बार से जीत रहे हैं तो हम ऐसे ही जीत जाएंगे। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि रीवा और जबलपुर में निकाय चुनाव में हार के बाद मोर्चा की जिम्मेदारी तय की गई है। बूथ सशक्तीकरण अभियान तीन चरणों में होगा। इसमें बूथों का चयन और कार्य विभाजन होगा। 21-25 अगस्त तक दूसरे चरण में राजनीतिक विश्लेषण होगा। तीसरे चरण में घर-घर जाकर लाभार्थियों और की वोटर्स से संपर्क करना होगा।



### पचमढ़ी में होगी भाजपा की ट्रेनिंग, कार्यसमिति बैठक भी

वीडी शर्मा ने बताया भाजपा की 3 दिवसीय बैठक पचमढ़ी में होगी। 24-25 अगस्त को प्रशिक्षण व 26 अगस्त को कार्यसमिति होगी। पार्टी ने सरल एप भी लांच किया है। इसमें वोटर्स के परिवार और जाति का डाटा एकत्र होगा। सीएम ने कहा, रिपोर्ट से पता चला, मेरे क्षेत्र में खुद 30 बूथ कमजोर हैं।

### शिवराज बोले-मिठाई तो ऊपर वाले खाते हैं, आपको भी देंगे

बैठक में चुनाव में जीत पर वीडी शर्मा जैसे ही शिवराज का मुंह मीठा कराने लगे तो मंच के नीचे से आवाज आई, हमें भी खिलाओ। सीएम ने जवाब दिया कि मिठाई तो ऊपर वाले खाते हैं।





# स्वजनों को बल्लियों का शेड बनाकर करना पड़ा दादा का अंतिम संस्कार

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के बैरसिया इलाके की ग्राम पंचायत कोटरा चौपड़ा में यूं तो कहने को श्मशान घाट है, लेकिन वहां किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं हैं। पहुंचने के मार्ग से लेकर, टीनशेड तक नहीं बनाया गया है। इससे बारिश में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों के लिए मुसीबत बढ़ जाती है। हाल ही में एक बुजुर्ग व्यक्ति का निधन हो जाने से उसके शव का अंतिम संस्कार किया जाना था, लेकिन शेड नहीं होने से वर्षा की वजह से यह कर पाना संभव नहीं था। इससे उसके स्वजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बल्लियों के सहारे अस्थायी शेड बनाया, तब जाकर मृतक का अंतिम संस्कार हो सका। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवस्थाओं पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला सुर्खियों में आने के बाद अब अधिकारी यहां टीनशेड बनवाने की बात कह रहे हैं।पोलासगंज के रहने वाले मनोज कुशवाहा ने कहा कि मेरे दादाजी वरिष्ठ समाजसेवी नन्नूलाल कुशवाहा का निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट ले गए, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है और न ही यहां टीनशेड बनवाया गया है। भीषण वर्षा की वजह से हमको व शवयात्रा में शामिल हुए लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बल्लियों के जरिए एक अस्थायी शेड बनाया। तब जाकर दादा जी के शव का अंतिम संस्कार हो सका।



## ईओडब्ल्यू के टीआई जोशी को सराहनीय सेवा मेडल

भोपाल, यशभारत । भोपाल में आयोजित स्वतत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ईओडब्ल्यू के टीआई जोशी को सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित किया।

# भोपाल में 7 साल की मासूम पर कुत्ते का हमला

## बच्ची की आंख नोंची, सिर का मांस निकाला दो दिन पहले बड़ी बहन को काटा था



**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल में आवारा कुत्ते ने 7 साल की मासूम पर हमला कर दिया। उसकी आंख नोंच दी और सिर से मांस बाहर निकाल दिया। बच्ची की हालत गंभीर है। बच्ची को हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। दिल दहला देने वाली ये घटना बुधवार शाम कोलार रोड स्थित बांसखेड़ी की है। इसी कुत्ते ने दो दिन पहले बड़ी बहन को भी काट लिया था। आठ महीने में यह कुत्तों के हमले की तीसरी बड़ी घटना है। घटना ने आवारा कुत्तों को लेकर जिम्मेदारों के दावों की पोल खोल दी है। बांसखेड़ी में रहने वाले शिवकुमार कुशवाह की 7 साल की बेटी सुहानी शाम को घर के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोग उसे बचा पाते, उससे पहले ही कुत्ते ने बच्ची को लहूलुहान कर दिया। बच्ची को जैसे-तैसे कुत्ते से बचाकर लोग जेके हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां भर्ती न किए जाने के कारण परिवार वाले इधर-उधर भटकते रहे। समाजसेवी नीलम मिश्रा ने बताया कि बच्ची की हालत नाजुक है। नगर निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी ने इस मामले में कहा कि अभी जानकारी मिली है। कुत्तों को लेकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। फिर से कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री सारंग और महापौर मालती ने बच्ची का हाल जाना

कुत्ते के हमले से घायल 7 साल की मासूम का कमला नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा है। देर रात मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय ने अस्पताल पहुंचकर बच्ची से मुलाकात की। उन्होंने बच्ची का हाल जाना। मंत्री सारंग ने डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। बच्ची सुहानी की बड़ी बहन 11 वर्षीय सोहना पर भी कुत्ते ने दो दिन पहले हमला कर दिया था। इससे सोहना भी जख्मी हो गई थी। इसके दो दिन बाद अब सुहानी पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बांसखेड़ी समेत आसपास के इलाके में कुत्तों के कई झुंड हैं, जो राहगीरों और यहां रहने वाले लोगों को काटने के लिए दौड़ते हैं। कोलार रोड पर सर्वधर्म से लेकर बैरागढ़ चिंचली तक कई बार राहगीर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। बावजूद कुत्तों को पकड़ने की बड़ी कार्रवाई नहीं की गई।

# हिंदी भवन में साहित्य संगम आज से

## 21 अगस्त तक चार दिवसीय इस

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति एवं रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 27 वीं पावस व्याख्यान माला एवं साहित्य संगम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की तरह ही इस बार भी यह समारोह राजधानी के हिंदी भवन में आयोजित होगा, जिसका आज शुभारंभ होगा। यह समारोह 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रात- 10 बजे से सायं छह बजे तक विभिन्न वैचारिक सत्र संचालित होंगे। इस समारोह में देशभर से आए अनेक साहित्यकार सहभागिता करेंगे। यह जानकारी हिंदी भवन के संचालक कैलाश पंत और कवि-कुलाधिपति संतोष चौबे ने संवाददाताओं को दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश भर से आए प्रसिद्ध साहित्यकार सहभागिता करेंगे। आज इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम, मध्यप्रदेश संस्कृति मंत्रालय मंत्री उषा ठाकुर एवं समारोह के अध्यक्ष के रूप में डा. सूर्यप्रसाद दीक्षित उपस्थित रहेंगे। चार दिवसीय इस कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में देशभर के प्रसिद्ध साहित्यकारों के साथ अनेक महत्वपूर्ण विषयों- हिंदी साहित्य में सांस्कृतिक धारा की निरंतरता, भारतीय भाषाओं के मध्य अंतर्संवाद के क्षेत्र, उपभोक्तावादी विश्व में हिंदी की संभावना ज्ञान विषयों में हिंदी लेखन, नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं की संभावनाएं, हिंदी आलोचना में सांस्कृतिक नवोन्मेष, महिला लेखन, सशक्तीकरण की दृष्टि पर अलग-अलग सत्रों में गंभीर विमर्श होगा। साथ ही इसमें पुस्तक लोकार्पण का सत्र भी रहेगा।

### मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले

# अर्जुन कपूर जनता को धमकाने की बजाए अभिनय पर ध्यान दें

भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने फिल्म अभिनेता अर्जुन कपूर को लेकर कहा कि जनता को धमकाना ठीक बात नहीं है। जनता को धमकाने की बजाए अपने अभिनय पर ध्यान देना चाहिए। अपनी फिल्मों में हिंदू धर्म को टारगेट करने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग के हिमायती कलाकार बायकाट पर क्यों जनता को धमकाते हैं? राजस्थान में हो रही माब लिंचिंग और दंगे पर अवार्ड वापसी गैंग पूरी तरह क्यों खामोश है? जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की कैंपेन कमेटी से इस्तीफा देकर गुलाम नबी आजाद? अब कांग्रेस से आजादी की ओर बढ़ गए हैं। दरअसल कांग्रेस के नेता अपने अंदाज में आजादी का उत्सव मना रहे हैं। गुलाम नबी आजाद के साथ हिमाचल प्रदेश व राजस्थान में भी कांग्रेस के नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है।





# 4 महीने में बने सिर्फ छह अमृत सरोवर, 69 निर्माणाधीन

**भोपाल, यशभारत।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर के तहत जिले में 75 नए अमृत सरोवर तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इनका निर्माण कार्य अप्रैल 2022 में शुरू कर दिया गया था। लेकिन चार महीने बाद इनमें से सिर्फ छह अमृत सरोवर बनकर तैयार हुए हैं जबकि 69 तालाब में काम चल रहा है। इन सभी अमृत सरोवर को 15 अगस्त 2023 तक बनाकर तैयार करना है। इस तरह अब इनको पूरा करने के लिए महज एक साल का समय बचा हुआ है। इनके निर्माण के लिए मनरेगा योजना, 15वां वित्त और जनभागीदारी से लगभग 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में बने सरोवर, अन्य जगहों पर वर्षा ने रोका काम जिले के ग्राम सूरजपुरा, गुनगा, खंडारिया, सिघौड़ा, कोलूखेड़ी खुर्द और बागसी में छह अमृत सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं। वहीं 69 तालाब का काम वर्षा की वजह से रूक गया है। अब वर्षा बंद होते ही इनमें काम शुरू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि 21 तालाबों का इतना निर्माण कर लिया गया था कि उनमें वर्षा का जल एकत्रित हो जाए। अब इनके बंध मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इनके चारों तरफ पौधारोपण किया जा रहा है। अमृत सरोवर में न्यूनतम 10 हजार घनमीटर जलभराव होगा। सभी अमृत सरोवर केबन जाने पर इनमें 13 लाख 18 हजार घनमीटर जलभराव होगा। इनमें निर्माण कार्य से 878 हेक्टेयर कृषि भूमि की फसलों में सिंचाई हो सकेगी। वहीं इनका जल पशु-पक्षियों के पीने के लिए उपलब्ध रहेगा। साथ ही भूमिगत जल के स्तर में सुधार होगा।

# बैंक अधिकारी के सूने फ्लैट से नकदी

## जेवर सहित पांच लाख का सामान चोरी

**भोपाल यशभारम।** पीएनटी चौराहे के पास एक बहुमंजिला इमारत में रहने वाले बैंक अधिकारी के सूने घर से बदमाश नगदी तथा सोने-चांदी के जेवर सहित लगभग पांच लाख का सामान चोरी कर ले गए। उधर टीला जमालपुरा इलाके में भी एक सूने मकान में चोरी की वारदात हुई। पुलिस दोनों मामलों में चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। कमला नगर थाना पुलिस के मुताबिक पवन सिंह लिलहारे बैंक अधिकारी हैं। उनकी पत्नी भी बैंक में नौकरी करती है। वह पीएनटी चौराहे के पास स्थित अन्नपूर्णा काम्प्लेक्स की आठवीं मंजिल पर रहते हैं। रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के लिए वे लोग 12 अगस्त को बैतूल जिले में अपने गांव चले गए थे। 15 अगस्त की रात वे वापस घर लौटे, तो उन्-?हें फ्लैट के मुख्य दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर के कमरों के दरवाजों के भी कुंदे टूटे हुए थे। अलमारी का लाकर टूटा हुआ था। लाकर में रखे हुए सोने-चांदी के जेवर व 19 हजार रुपए नकद गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत पांच लाख रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। काम्प्लेक्स में करीब दो दर्जन सीसीटीवी लगे हुए हैं, लेकिन सभी बंद पड़े हुए हैं। बैंक अधिकारी के फ्लैट के आसपास के मकान भी खाली पड़े हैं। टीला जमालपुरा थाना पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय जावेद कुरैशी हमीदी मस्जिद के पास इंद्रा नगर टीला में रहते हैं। वह लियाकत मार्केट में एक टायर की दुकान में काम करते हैं। रविवार शाम पांच बजे वह सपरिवार ललितपुर चले गए थे। मंगलवार को शाम चार बजे वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर के कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लाकर भी खुला था। उसमें रखे जेवर गायब थे।



### भोपाल के कृष्ण मंदिरों में तैयारियां पूरी

# कल धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

**भोपाल,यशभारत।** वृद्धि व ध्रुव योग के शुभ संयोग में शुक्रवार को धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से ही विष्णुसहस्त्रनाम के पाठ शुरू होंगे। रात्रि 12 बजे घड़ी की सुईयों के मिलन के साथ ही जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी शुक्रवार को वृद्धि और ध्रुव योग में भगवान श्रीकृष्ण का 5250वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्माष्टमी का पर्व अष्टमी तिथि के आठवें मुहूर्त में मनाया जाता है, जो कि 19 अगस्त को रहेगा। 18 अगस्त को सप्तमी तिथि रात 9-20 तक रहेगी। इसके बाद अष्टमी की तिथि शुरू होगी, जो कि 19 अगस्त तक रहेगी। जन्माष्टमी के लिए शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर बिड़ला में सजावट की सभी तैयारियां हो गई है। मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रात्रि एक बजे तक मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। मंदिर के मैनेजर केके पांडे ने बताया कि शाम साढ़े सात बजे से भजन संध्या का आयोजन किया है। दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड में ब्रह्म मुहूर्त से कार्यक्रम शुरु होंगे। श्री चार भुजाजी मेवाड़ मंडल द्वारा पांच नंबर स्टाप शिवाजी मंदिर में रात्रि कार्यक्रम शुरू होंगे। मां दुर्गा धाम नौ माताएं मंदिर अशोक विहार में जन्मोत्सव की विशेष तैयारियां की गई है। श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथ के वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। विशेष वस्त्र बनाए जा रहे हैं।

# डॉ चंद्रशेखर गोस्वामी की कृतियों का विमोचन व समीक्षा कार्यक्रम

**भोपाल, यशभारत।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला शिवपुरी द्वारा पूर्व जिला शिक्षाधिकारी व रसायन शास्त्र के पूर्व प्राध्यापक विद्वान डॉ चंद्रशेखर गोस्वामी की कृतियों चिंतन,चंद्रकिरण,कोरोना केंसर रोधी औषधियां का विमोचन व समीक्षा कार्यक्रम शिवपुरी के त्रिवेणी वाटिका महल रोड पर आयोजित किया।

सर्वप्रथम ज्ञान की देवी माँ सरस्वती व भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन चंद्रशेखर गोस्वामी के साथ अतिथि पुरुषोत्तम गौतम,जे पी शर्मा,डॉ एच पी जैन,प्रमोद भार्गव,पद्मा शर्मा ग्वालियर,धैर्यवर्धन शर्मा,प्रदीप अवस्थी ने किया,अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा के संचालन में तत्पश्चात चंद्रशेखर गोस्वामी ने भूमिका रखते हुए कहा कि चूंकि चिंतन व चंद्रकिरण मेरी दोनो पुस्तको की भूमिका व तैयारी शिवपुरी में ही हुई,शिवपुरी से मेरा नाता पारिवारिक और सामाजिक अत्यंत निकट का रहा है अत: शिवपुरी में ही साहित्य परिषद के माध्यम से विमोचन व समीक्षा कार्यक्रम तय किया है।

ग्वालियर महारानी लक्ष्मी बाई महाविधालय की हिंदी प्राध्यापिका कहानीकार पद्मा शर्मा ने सबसे पहले चिंतन की समीक्षा रखते हुए कहा कि चंद्रशेखर गोस्वामी ने लंबा समय उच्च शिक्षा विभाग में अध्यापन कराते हुए और कुछ समय शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्य संभालते हुए व्यतीत किया है।अतएव उनके पास अनुभवों का पिटारा तो है ही,उनके चिंतन नामक कथा संग्रह में संकलित कहानियों का विषयजन्य फलक आधुनिक होने के साथ विस्तृत है।शासकीय सेवा में रहते हुए ऐसी कहानियां नही लिखी जा सकती,क्योंकि वे नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।समाज को दिशा देने का प्रयत्न इन कहानियों के माध्यम से हुआ है।



वरिष्ठ शिक्षाविद पुरुषोत्तम गौतम ने चन्द्र किरण कविता संग्रह पर समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि मनुष्य में सृजन या रचना धर्मिता के बीज जन्मजात होते है।अतएव वह रसायन पढ़े या गणित सृजन अवचेतन में निर्लिप्त रहता है।चंद्रशेखर गोस्वामी के काव्य संग्रह से स्पष्ट प्रतीत होता है जहां भी सामाजिक असंगति से साक्षात्कार करता है,अंकुरण की बेचैनी ब? जाती है।जीवन के यथार्थ को प्रकट उनका काव्य संग्रह करता है।

नेत्र चिकित्सक व वरिष्ठ कवि डॉ एच पी जैन ने कोरोना व केंसर रोधी औषधियों पर समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि क्या खाना चाहिए कब खाना चाहिए और क्या क्या परहेज करते हुए अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हुए बीमारियों से सामना करने में सफलता प्राप्त करना चाहिए इस पुस्तक के मूल में है।गोस्वामी ने बेहद उम्दा तरीके से भारतीय औषधियों का वर्णन करते हुए निरोगी काया प्राप्त करने का खजाना इस पुस्तक से दिया है।वरिष्ठ लेखक चिंतक व विचारक प्रमोद भार्गव ने तीनों पुस्तको का सारांश रखते हुए बताया कि गोस्वामी स्वयम अदभुत प्रतिभा के धनी है,शासकीय सेवा में रहते हुए भी उनने अपनी कला और क्षमताओं को कम नही होने दिया बल्कि उनमें निखार ही लाये है,उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

# समूचे जिले में अमृत महोत्सव पर दिखा देशभक्ति का जुनून



## बरही में रैन बसेरा बनाने और भोजन उपलब्ध कराने सौगात

### अमृत महोत्सव समारोह में अध्यक्ष ने की घोषणा

देश की आजादी के जश्न पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। नगर परिषद बरही का मुख्य समारोह विजय स्तम्भ चौक में धूमधाम से मनाया गया। नगर परिषद बरही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने ध्वजारोहण करते हुए तिरंगे की सलामी दी, उन्होंने अपने उद्बोधन में नगर में रैंन बसेरा बनाने व जरूरतमंदों के लिए वहां भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा करते हुए कहा कि व्यापारिक नगरी बरही में बहुत से यात्री बाहर से आते है जिनके ठहरने के लिए व्यवस्था नही हैए कम कीमत में यात्रियों को ठहरने की जगह मिल जाए इसके लिए प्राथमिकता से रैंन बसेरा बनाने का कार्य किया जाएगा। नगर के 15 वार्डो के सभी पार्षद अध्यक्ष है जिनके साथ मिलकर हर वार्डो में विकास की कार्ययोजना तैयार कर काम किया जाएगा। नगर परिषद बरही कार्यालय में इसके पूर्व परिषद के उपाध्यक्ष मोहन सिंह गौड़ ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। आजाद भगत सिंह चौक में पार्षद सुरेश सोनी पंडा ममता राजेन्द्र सोनी ने ध्वजारोहण किया। थाना परिषर में थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।





## विभाजन पर केंद्रित प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोग



**कटनी,यशभारत।** देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया गया। 12 अगस्त को प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक संदीप जयसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि विश्वजीत प्रधान महाप्रबंधक आयुध निर्माणी कटनी, एस के यादव संयुक्त महाप्रबंधक एवं जीतेन्द्र कुमार यादव, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय एन के जे कटनी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इसी श्रंखला के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में पुरुषोत्तम शर्मा एवं उनकी पत्नी श्रीमती लवलीन शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया पुरुषोत्तम शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक के रूप में तिरुचिरापल्ली से सेवानिवृत्त हुए हैं और अभी कटनी में ही रह रहे हैं श्री शर्मा ने अपनी स्मृतियों को हम सबके साथ साझा करते हुए बताया कि उनके पिताजी विस्थापन के समय अपने पैतृक निवास राजौरी को छोड़कर कितने संकटों का सामना करते हुए अपने और अपने परिवार की जान-माल की रक्षा करते हुए संकटों पर विजय प्राप्त करके कटनी आए और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचा दिया कि पुरुषोत्तम शर्मा का परिवार कटनी में किसी परिचय का मोहताज नहीं है डॉक्टर जगदीश गुप्त की पंक्तियां याद आती हैं सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही, वास्तव में पुरुषोत्तम शर्मा की स्मृतियों को जब हम सब अपने मानस पटल पर लाते हैं तो हमारे सामने कश्मीर फाइल के चित्र उभर कर सामने आ जाते हैं कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्राचार्य विनय सिंह ने पुरुषोत्तम शर्मा एवं उनकी पत्नी श्रीमती लवलीन शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया और हृदय से उनका आभार व्यक्त किया कि आज उन्होंने विद्यालय में आकर हम सबको प्रेरित किया इस प्रकार विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदशनी का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।




## तिरंगा रैली के साथ महापुरूषों की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति के तत्वाधान में बारडोली ग्रुप के बारडोली महाविद्यालय, लाइम सिटी इन स्कूल, बारडोली पब्लिक स्कूल द्वारा सामूहिक रूप से हर घर तिरंगा रैली दिनॉक 14 अगस्त को फारेस्टर प्लेग्राउड से निकाली गई । तिरंगा रैली फारेस्टर खेल मैदान से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मेन बाजार, झंडा बाजार, रघुनाथ गंज, स्टेट बैक तिराहा होते हुए लक्ष्मी बाई तिराहा में समाप्त हुई । तिरंगा रैली में मुख्य अतिथि प्रियंक मिश्रा, कटनी कलेक्टर, विवेक दुवे बी.आर.सी. रामरतन पायल भाजपा जिला अध्यक्ष, पं. सुनील उपाध्याय, संरक्षक बारडोली महाविद्यालय, विनोद विलौहा अध्यक्ष बारडोली ग्रुप, डॉ. रागिनी सिंह प्राचार्य बारडोली महाविद्यालय एवं लाइम सिटी स्कूल प्राचार्य डॉ. नैनसी डायर मौजूद थे । रैली का शुभारंभ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा गुब्बारे छोड़कर किया गया । कलेक्टर का स्वागत विनोद विलौहा द्वारा किया गया। रैली में लाइम सिटी स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा अमर शहीदों की आर्कषक झॉकी प्रस्तुत की गई जिसमें छात्रों द्वारा भारत मॉ, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, रानी लक्ष्मी बाई, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर केंद्रित झॉकी प्रमुख रही। रैली के समापन पर रामरतन पायल ने तिरंगा रैली हेतु छात्रों को बधाई देते हुए कहा देश के तिरंगा का सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य है उन्होनें हर घर तिरंगा लहराने के लिए आहवान किया। सुनील उपाध्याय द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्रों व उनके अभिभावको एवं स्टॉफ को रैली के सफल संचालन एवं रैली में सम्मिलित होने बधाई प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में राकेष गुप्ता, निषा मटानी, संगीता जाटव, गायत्री मंद्राह, मनीषा सिंह चंदेल, नेहा श्रीवास्तव, विधि जैन, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, पवन दाहिया, मनोज प्यासी, साक्षी दुबे, रजनीष उपाध्याय, आर्कषित मांझी, शैलेन्द्र बड़गैया, नषरीन खान शबनम, सारिका साहू,, आदि समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## वीर जवानों के साहस से प्रेरणा लें छात्र



**कटनी,यशभारत।** सनशाइन एकेडमी में 75वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े धूम-धाम से मनाया गया। इस राष्ट्रीय त्यौहार का अर्थ बच्चों को बताया गया कि कैसे हमारा देश आजाद हुआ हमारे देश के वीर जवानों ने अपने लहू का बलिदान दिया ताकि हमारा भारत देश स्वतंत्र हो हमारे वीर जवानों ने बड़े ही साहस के साथ हंसते-हंसते अपने देश को अंग्रेजों के चंगुल से स्वतंत्र किया बच्चों ने देश प्रेम को समझा और आगे चलकर देश का नाम रौशन करने की बात कही, सभी बच्चे बहुत ही जोश के साथ आज इस पर्व में अपने तिरंगे झंडे को फहरा कर अपना राष्ट्गान गा कर इस पर्व को मनाया और तरह-तरह के देश.भक्ति गाने पर नृत्य किया और कविता और भाषण दिया सभी बच्चों में देश प्रेम की झलक दिखाई दी। सभी नन्हें बच्चे बहुत ही प्यारे लग रहे थे, समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों को एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन स्कूल में उपस्थित रहीं एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जन शिक्षण संस्थान में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम



आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निदेशालय के निर्देशानुसार घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जन शिक्षण संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह जी के निर्देशन में किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम खम्हरिया में अनुदेशक संतोष यादव के निर्देशन में किया गया। वहाँ की महिलाओं एवं पुरूषों ने घर-घर तिरंगा कार्यक्रम किया एवं घर-घर तिरंगा, वन्दे मातरम के नारे लगाकर पुरे गॉव में रैली का आयोजन किया गया। इसके अलावा श्रीमती बबीता सिंह के निर्देशन में स्लम एरिया झिंझरी महाराणा प्रताप सिंह वार्ड में गली-गली में घर-घर तिरंगा का आयोजन किया गया एवं ग्राम तखला में अनुदेशक प्रीति सिंह के निर्देशन में एवं ग्राम पंचायत तखला के संयुक्त तत्वाधान में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अनुदेशको एवं स्थानीय लोगों एवं लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने देश भक्ति के प्रति प्रेम, सदभावना की भावना को उजागर किया।

## सायना स्कूल में बिखरा आजादी का उल्लास





**कटनी,यशभारत।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सायना का विशाल परिसर सुबह से ही तीन रंगों से सजा हुआ था। बच्चे प्रसन्नता व उल्लास के साथ हाथ में तिरंगा लेकर वंदेमातरम् का उद्घोष कर रहे थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा के साथ होटल मैनेज़मेंन्ट के प्राचार्य डॉ. सी. राजेश कुमार एवं ऋषि अरोरा ने स्कूल बैंड की सुमधुर ध्वनियों के बीच ध्वजारोहण कर किया । स्कूल बैंड की सुंदर प्रस्तुति के साथ राष्ट्रगान हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सहित अतिथियों को तिरंगे का बैच देकर किया गया। तदोपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में सायना किड्स के नन्हें मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत की धुन पर डांस किया। सायना के बच्चों के हिन्दी गायन एवं नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। सायना के प्राचार्य ने अपने सारगर्भित उद्बोधन कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों में हमने निरंतर प्रगति की है। साथ ही रूढ़ियों को तोड़कर वैश्विक स्तर पर देश स्थापित हुआ है। आज नारियों के सम्मान व आत्मनिर्भरता ने भी हमारा गौरव बढ़ाया है। स्वच्छता अभियान को पंख देकर हमने समाज को भी प्रगतिपथ पर आगे बढ़ाया है। आप सभी बच्चियों को आगे बढ़ायें और वातावरण को स्वच्छ रखें। सायना के चारों सदनों ने स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत में हुए परिवर्तनों व प्रगति के आधार पर आकर्षक चलित झांकियां तैयार कर अतिथियों के सामने प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी। हैड बॉय राजीव रत्न गौतम एवं हैड गर्ल गुरजस कौर लाम्बा द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। वंदे मातरम के गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री, मप्र शासन, सायना की सचिव श्रीमती निर्मला सत्येंद्र पाठक पूर्व महापौर, युवा समाजसेवी यश पाठक, ऋषि अरोरा एवं समस्त स्टाफ व अभिभावकों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगामय हुआ सायना

## रिमझिम बारिश के बीच सायना किड्स स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

**कटनी,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव पर सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर सायना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सायना किड्स स्कूल के बच्चों ने पोयम, डांस, गीत संगीत की शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों के पेरेंट्स ने भी अपने स्कूल समय के अनुभव को शेयर किया। कार्यक्रम समापन के बाद सभी बच्चो के अभिभावकों ने स्वल्पाहार किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सायना इंटरनेशनल स्कूल की चेयर पर्सन श्रीमती निधि पाठक पूर्व महापौर श्रीमति निर्मला पाठक एवं पूर्व मंत्री विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येंद्र पाठक ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरुण गौतम ऋषि अरोरा, सायना किड्स स्कूल की हेड मिस्ट्रेस डॉ. भारती शर्मा, टीचिंग स्टॉफ प्रेरणा अरोरा, सोनम नानकानी, ऋचा संगतानी, पुष्पा बर्मन, जुली राव, संस्कृति त्रिपाठी, वीना द्विवेदी, ऋचा नामदेव, समीक्षा सिंह, तान्या गुरुंग, अजय खरे, संजय सेन के साथ किड्स स्कूल के अन्य स्टॉफ की उपस्थिति रही।



## 175 केन्द्रों में लोगों ने अपनाया कोविड का सुरक्षा चक्र

### शहर के 18 और ग्रामीण क्षेत्र के 157 केन्द्रों में लगाया गया प्रिकॉशन डोज






**कटनी,यशभारत।** कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत निशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाने महाअभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले के 175 केन्द्रों में निशुल्क कोविड-19 प्रिकॉशन डोज वैक्सीनेशन कराया गया। सुबह से लेकर शाम तक केन्द्रों में लोग पहुंचे और कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेशन का सुरक्षा चक्र अपनाया। जिले के शहरी क्षेत्र में 18 स्थानों पर वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान की गई थी और ग्रामीण क्षेत्र के 157 केन्द्रों में वैक्सीनेशन कार्य कराया गया। जिलेभर में शाम 5 बजे तक 19 हजार 699 लोगों ने कोविड से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज लगवा लिया था और केन्द्रों में वैक्सीनेशन का कार्य जारी था। केन्द्रों के अलावा स्वास्थ्य अमले ने घरों में पहुंचकर भी वृद्धों, दिव्यांगों का वैक्सीनेशन किया। जिले में महा अभियान के तहत 29 हजार 470 डोज का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक 1445 /खनिज/3050/ 2022, कटनी, दिनांक 03/06/2022

//सूचना//

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स एन.एस. मिनरल्स, पार्टनर श्रीमती निकिता सचदेवा, अल्फर्टगंज, मधई का बगीचा, बी0डी0 अगवाल वार्ड कटनी, तहसील व जिला जिला-कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21.09.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | माल्हन | 378 | 3.380 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि | डोलोमाईट | |
| | | | 379 | 2.160 | | | |
| | | | 380 | 2.020 | | | |
| | | | 381 | 0.420 | | | |
| | | | योग- | 8.00 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-15489/22



# विराट कोहली ने 14 साल पहले आज ही के दिन रखा था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम, जानें कैसा रहा था डेब्यू मैच में प्रदर्शन?

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पूर्व कप्तान विराट कोहली ने आज ही के दिन 14 साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। कोहली को इस शानदार सफर के दौरान चेज मास्टर, रन मशीन और ना जाने कितने नए नाम मिले। मगर क्या आप जानते हैं कि अपने पहले मैच में कोहली का प्रदर्शन कैसा रहा था? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। विराट कोहली ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ दांबुला में खेला था। अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतकर सीधा भारतीय टीम में जगह बनाने वाले विराट कोहली को तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पारी का आगाज करने का मौका दिया। श्रीलंका के खिलाफ 50 ओवर के इस मुकाबले में कोहली गौतम गंभीर के साथ पारी का आगाज करने उतरे। पारी की दूसरी गेंद पर गंभीर आउट होकर पवेलियन लौट गए और दूसरे छोर पर मौजूद कोहली अभी भी पहली गेंद खेलने का इंतजार कर रहे थे। कोहली को इस मुकाबले में चमिंडा वास, नुवान कुलसेकरा और मुथैया मुरलीधर जैसे गेंदबाजों का सामना करना था। शुरुआत से ही कोहली थोड़ा जूझते हुए दिखाई दे रहे थे। 7वें ओवर में उन्होंने लेग साइड में चौका लगाकर टीम को पहली बाउंड्री दिलाई। इसके अगले ही ओवर में कोहली को कुलसेकरा ने ख्क्ष्ठ आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया और इस तरह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी पहली पारी का अंत हुआ। कोहली अपने पहले मैच में 22 गेंदों पर मात्र 12 रन बना सके थे। बतौर ओपनर कोहली अपने पहले ही मैच में फ्लॉप रहे थे। कोहली को 5 मैचों की इस सीरीज के अगले चार मुकाबलों में भी ओपनिंग करने का मौका मिला और उन्होंने क्रमश 37, 25, 54 और 31 रन बनाए। कोहली को हर बार अच्छी शुरुआत मिली मगर वह एक ही बार 50 का आंकड़ा छूने में कामयाब रहे। इस सीरीज से कोहली ने काफी कुछ सीखा और यहां से उनका किंग कोहली बनने का सफर शुरू हुआ।

### कोहली का अंतरराष्ट्रीय करियर

18 अगस्त 2008 को वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने वाले कोहली ने अपना पहला टी20 12 जून 2010 और पहला टेस्ट 20 जून 2011 को खेला। कोहली के नाम वनडे क्रिकेट में 43 शतकों के साथ 12344 रन दर्ज हैं। वहीं टी20 और टेस्ट में उन्होंने क्रमश: 3308 और 8074 रन बनाए हैं। कोहली ने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 27 शतक जड़े हैं।

# अरबी घोड़े, पर्शियन बिल्ली, 15 हीरे के झुमके

## ठग सुकेश ने जैकलीन को दिए थे 5.4 करोड़ के तोहफे



नई दिल्ली , एजेंसी। रिलेशनशिप को लेकर पिछले कुछ समय में गोल्ड डिगर और शुगर डैडी जैसे शब्दों का खूब इस्तेमाल हुआ। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की तस्वीरें जब सुकेश चंद्रशेखर के साथ वायरल हुईं तो यूजर्स ने इन दो शब्दों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया। हालांकि यह दोनों शब्द नए नहीं हैं लेकिन फिर से चर्चा में होने की वजह से तमाम लोगों के लिए यह नया है। ऐसा कहा जाता है कि जब कोई महिला प्यार की बजाए किसी की संपत्ति के लिए रिश्ते में आती है तो उसे गोल्ड डिगर कहते हैं। वहीं शुगर डैडी टर्म भी काफी पुराना है। इसमें डैडी जैसा कुछ नहीं है और यह उस रिश्ते के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जब एक कम उम्र की लड़की किसी बेहद रईस और उम्रदराज शख्स के साथ रिश्ते में आ जाती है। यह भी कहा जाता है कि यह रिश्ता औपचारिक नहीं होता केवल एक दूसरे की जरूरतों पर आधारित होता है। एक समय चीन में बकायदा सरकार की ओर से स्कूली छात्राओं को यह चेतावनी जारी की गई थी कि वह रईस लोगों के बहकावे में ना आएं। दरअसल, श्रीलंकाई मूल की बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें तब बढ़नी शुरू हुईं जब उनकी तस्वीरें 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ वायरल हुईं। 2017 से जेल में बंद सुकेश पिछले साल जमानत पर था। इसी दौरान ली गई तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसके बाद जैकलीन पर ईडी ने शिकंजा कस दिया। ईडी की पूछताछ में जैकलीन ने पिछले साल अक्टूबर में बताया था कि सुकेश ने तोहफे में 52 लाख रुपये का अरबी घोड़ा और तीन पर्शियन बिल्ली दी थीं। एक बिल्ली की कीमत करीब नौ लाख रुपये है। इसके अलावा हीरे के पंद्रह झुमके भी दिए थे। अभिनेत्री ने ईडी को पूछताछ में बताया था कि सुकेश ने तोहफे में हीरे से जड़े कान के पंद्रह झुमके, कई रंगों के बेशकीमती पत्थर से जड़े ब्रेसलेट और दो हरमीस कंपनी के ब्रेसलेट मिले थे।बैग, जिम वियर, महंगे जूते और रोलेक्स की घड़ी भी दी थी।

### सुकेश ने 5.71 करोड़ के तोहफे दिए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी साल 30 अप्रैल को बयान जारी कर बताया था कि ठग सुकेश ने आपराधिक गतिविधियों या वसूली से कमाए पैसे से जैकलीन को 5.71 करोड़ रुपये के तोहफे दिए। सुकेश ने जैकलीन तक तोहफे पहुंचाने के लिए अपनी सहयोगी पिंकी ईरानी का इस्तेमाल किया था। ईडी ने जब्त की करोड़ों की संपत्ति सुकेश के साथ तस्वीरें वायरल होने के बाद ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाया। धनशोधन मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए ईडी ने जैकलीन की 7.27 करोड़ रुपये की संपत्ति और 15 लाख रुपये कैश जब्त किया था।



# वेस्टइंडीज ने किया बड़ा उलटफेर, 8 साल बाद न्यूजीलैंड को वनडे क्रिकेट में चटाई धूल

बारबाडोस, एजेंसी। वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 5 विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया है। 8 साल बाद विंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत का सूखा खत्म अपना पहला मुकाबला जीता है। बारिश से बाधित इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 190 रनों पर ढेर हो गई थी। इस स्कोर को मेजबानों ने शमरह ब्रूक्स की शानदार 79 रनों की पारी के दम पर 39 ओवर में ही हासिल कर लिया। ब्रुक्स को उनकी शानदार पारी के दम पर मैन ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। वेस्टइंडीज ने इससे पहले कीवी टीम को 2014 में वनडे मुकाबला हराया था। बारबाडोस में खेले गए तीन मैच की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में विंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड को फिन ऐलन (25) और मार्टिन गप्टिल (24) ने अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 41 रन जोड़े। इसके बाद केन विलियमसन ने (34) एक छोर को संभाले रखा मगर दूसरे छोर से लगातार अंतराल में विकेट गिरते रहे। टॉप तीन बल्लेबाजों के अलावा माइकल ब्रेसवेल (31) और मिशेल सेंटनर (25) ही 20 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहे। वेस्टइंडीज के लिए अकील होसिन और अल्जारी जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए। ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और मिशेल सेंटनर जैसे अनुभवी गेंदबाजों के सामने वेस्टइंडीज के लिए 191 रनों का लक्ष्य भी आसान नहीं रहने वाला था। 37 रन पर मेजबान टीम शे होप (26) और काइल मेयर्स (6) के रूप में अपने दोनों सलामी बल्लेबाज खो बैठी थी, वहीं तीसार विकेट उन्होंने 74 के स्कोर पर कीसी कार्टी के रूप में खोया जो 11 रन बनाकर आउट हुए। ब्रुक्स को इसके बाद कप्तान निकोलस पूरन का साथ मिला जिनके साथ उन्होंने 75 रन की साझेदारी कर टीम को जीत की रहा दिखाई। ब्रुक्स ने 91 गेंदों पर 9 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए वहीं पूरन ने 28 रन की पारी खेली।

# रोहित शर्मा का वनडे क्रिकेट के भविष्य पर आया बड़ा बयान, एक बार फिर भारतीय कप्तान ने जीता दिल!

नई दिल्ली , एजेंसी। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स ने जब से वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है तब से क्रिकेट के गलियारों में इस प्रारूप के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। स्टोक्स ने वर्कलोड मैनेजमेंट का हवाला देते हुए 50 ओवर क्रिकेट से संन्यास लिया। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान के इस फैसले के बाद क्रिकेट पंडियों ने चिंता जताना शुरू कर दी कि टी20 क्रिकेट के आने से वनडे क्रिकेट का भविष्य खतरे में हैं। अब इस मुद्दे पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी राय देकर दिल जीत लिया है। रोहित का कहना है कि उनका नाम ही वनडे क्रिकेट से बना है और सब बकवास की बातें हैं। एक इवेंट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा च्मेरा नाम ही वनडे क्रिकेट से बना है, सब बेकार की बातें हैं। लोग पहले टेस्ट क्रिकेट के बारे में ऐसी बातें कर रहे थे। मेरे लिए क्रिकेट महत्वपूर्ण है - प्रारूप जो भी हो। मैं यह कभी नहीं कहूंगा कि वनडे खत्म हो रहा है या टी20 खत्म हो रहा है या टेस्ट खत्म होने वाले हैं। काश कोई और प्रारूप भी होता, क्योंकि मेरे लिए खेल खेलना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा च्बचपन से ही हमने भारत के लिए खेलने का सपना देखा था और जब भी हम एकदिवसीय मैच खेलते हैं तो स्टेडियम खचाखच भर जाते हैं, उत्साह बना रहता है। यह व्यक्तिगत पसंद है कि किस प्रारूप में खेलना है या नहीं, लेकिन मेरे लिए तीनों प्रारूप महत्वपूर्ण हैं।

# शाहिद कपूर ने भाई ईशान संग रूप तेरा मस्ताना पर लगाए ठुमके, गले में दुपट्टा डालकर किया जोरदार डांस

नई दिल्ली,एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दोनों कलाकार फुल मस्ती के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने व्हाइट शर्ट और ब्लैक ट्राउजर पहन रखे हैं जबकि ईशान खट्टर कुर्ता-पायजामा पहने नजर आ रहे हैं। दोनों को बहुत बेफिक्रा अंदाज में डांस करते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो को खुद शाहिद कपूर ने शेयर किया है। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, च्हमें ये अपने मामा से मिला ञ्ज शाहिद कपूर ने अपनी पोस्ट में नीलिमा अजीम और ईशान खट्टर को टैग किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और फैंस ईशान और शाहिद कपूर के डांस की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# आलिया ने शराब पीकर लगा दिया विकी को फोन, करण के शो पर खुला शादी से ठीक पहले का राज

नई दिल्ली, एजेंसी। करण जौहर होस्टेड टीवी शो 'Koffee with Karan' बॉलीवुड से जुड़े तमाम नए खुलासों के लिए जाना जाता है। सितारों की लव स्टोरीज से लेकर उनकी निजी जिंदगी के बारे में तमाम राज इस शो पर खुलते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और विकी कौशल वाले एपिसोड में भी कई राज खुलने वाले हैं। शो के प्रोमो वीडियो वायरल हो रहे हैं और ये खास एपिसोड 18 अगस्त रात 12 बजे OTT प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज कर दिया जाएगा।

एपिसोड में कई नए खुलासे होने जा रहे हैं और इसी एपिसोड में करण जौहर ये भी बताएंगे कि किस तरह उन्होंने शराब पीकर शादी से पहले विकी कौशल को फोन लगा दिया था। करण जौहर ने कहा, आलिया भट्ट और मैंने एक बार पीकर विकी कौशल को फोन लगा दिया था। हम वाइन पीकर सितारों को देख रहे थे, और तब हमने सोचा कि हम किसे कॉल करें?

### कटरीना की शादी से हो गए थे इमोशनल


करण जौहर ने बताया, ठीक शादी से पहले की बात है। हम दोनों ही कटरीना कैफ को बहुत पहले से जानते हैं। हम चाहते थे कि तुम्हें बाद में बताएंगे। उसका शादी करना हमें बहुत ज्यादा इमोशनल और खुश कर गया था। मालूम हो कि विकी कौशल और कटरीना कैफ 9 दिसंबर 2021 को शादी के बंधन में बंध गए थे।

# केएल राहुल नहीं शिखर धवन और शुभमन गिल कर सकते हैं पारी का आगाज



हरारे,एजेंसी। भारत के जिम्बाब्वे दौरे का आगाज आज यानि 18 अगस्त को खेले जाने वाले पहले मैच से होने जा रहा है। टीम इंडिया के कई खिलाड़ी इस सीरीज के जरिए लय हासिल कर एशिया कप 2022 में कदम रखना चाहेंगे। वहीं युवा खिलाड़ियों की नजरें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने पर होगी। इस सीरीज में सबकी नजरें कप्तान केएल राहुल पर होंगी क्योंकि वह आईपीएल के बाद पहली बार क्रिकेट के मैदान पर दिखेंगे। राहुल के सामने अपनी लय हासिल करने के साथ प्लेइंग इलेवन को चुनने की भी कठिन चुनौती होगी। भारतीय स्क्वॉड को देखकर उम्मीद यह भी लगाई जा रही है कि राहुल ओपनिंग करने की जगह नंबर 4 या 5 पर बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दे सकते हैं। आईए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन पर एक नजर डालते हैं। भारतीय स्क्वॉड को देखें तो मिडिल ऑर्डर में संजू सैमसन, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी ही है जिनके पास इतना अनुभव नहीं है। वहीं ओपनिंग स्लॉट में केएल राहुल के साथ शिखर धवन, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन के विकल्प मौजूद हैं। केएल राहुल को मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने का अनुभव है ऐसे में वह अपना ओपनिंग स्लॉट छोड़ निचले क्रम में बल्लेबाजी करने आ सकते हैं। वहीं पारी का आगाज हम शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी को करते हुए देख सकते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ गिल शानदार टच में दिख रहे थे। वहीं स्पिनर्स के रूप में हम अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की जोड़ी को खेलते हुए देख सकते हैं। वॉशिंगटन सुंदर के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम से जुड़े शाहबाज अहमद को अभी मौका मिलना मुश्किल हैं। बात तेज गेंदबाजों की करें तो दीपक चाहर के साथ शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज को मौका मिल सकता है। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग 11- शिखर धवन, शुभमन गिल, राहुल त्रिपाठी, केएल राहुल, संजू सैमसन, दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज।

# प्रेग्नेंट बिपाशा बसु बोलीं मेरे पेट में बच्चा है, क्यूट वीडियो हो रहा वायरल



मुंबई, एजेंसी। बिपाशा बसु ने अब अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ा एक क्यूट वीडियो शेयर किया है। इसमें वह अपने प्रेग्नेंसी डेज को एंजॉय करती दिख रही हैं। मंगलवार को बिपाशा और उनके पति करण सिंह ग्रोवर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके अपने पेरेंट्स बनने की खुशखबरी दी थी। बिपाशा ने बेबी बम्प के साथ अपना मैटर्निटी शूट पोस्ट किया था जिसके बाद से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। अब अपना क्यूट वीडियो फैन्स के साथ शेयर किया है। बॉलीवुड ऐक्ट्रस बिपाशा बसु इन दिनों अपने मैटर्निटी पीरियड को काफी एन्जॉय कर रही हैं। बिपाशा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो के जरिए बिपाशा मूव योर बम्प ट्रेंड में शामिल हो गई है। वीडियो के कैप्शन में बिपाशा ने लिखा लव माइ बेबी बम्प, लव माइ बॉडी , लव माइसेल्फ। उनके पोस्ट पर एक्टर करण सिंह ग्रोवर लिखते हैं, हां देखो मेरा बच्चा तुम्हारी बेली में है। वीडियो को शेयर होने के कुछ देर बाद ही फैंस के साथ ही साथ कई सेलिब्रिटी ने दोनों को आने वाले बच्चे के लिए शुभकामनाएं दीं।

**फैंस के किया शुक्रिया-** प्रेग्नेंसी का ऐलान करने वाली पोस्ट में बिपाशा ने लिखा पहले हम दोनों ही अकेले थे, फिर मैं और करण मिले। हमारे बीच का प्यार दो लोगों के लिए काफी ज्यादा था। जल्द ही हम दो से तीन होने जा रहे हैं। हमारी फैमिली को पूरा करने के लिए जल्द ही एक नया सदस्य इस दुनिया में आने वाला है। इस नए सदस्य के आने से हम सभी की जिंदगी का एक नया प ?ाव शुरू होने जा रहा है। आप सब की दुआ और प्यार हमेशा ही हमारे साथ रहा है। आप सभी की दुआओं का ही असर है कि अब हम दो से तीन होने जा रहे हैं। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर साल 2015 में फिल्म च्अलोनज् की शूटिंग के दौरान मिले थे।



# राघव जुयाल को डेट करने की चर्चा पर क्या बोलीं शहनाज?

नई दिल्ली , एजेंसी। एक बार फिर शहनाज गिल का नाम एंटरटेनमेंट ट्रेंडिग वर्ल्ड में टॉप पर है। दरअसल हाल ही में शहनाज की लव लाइफ में किसी खास शख्स की एंट्री की खूब चर्चा हो रही थी। कहा जा रहा था कि शहनाज इन दिनों जाने माने डांसर और होस्ट राघव जुयाल को डेट कर रही हैं। लेकिन अब इस बज को लेकर सना ने बयान दिया है। शहनाज ने अब उनकी राघव जुआल संग डेटिंग की चर्चा पर फुलस्टॉप लगा दिया है। सना ने साफ कहा है कि किसी के साथ खड़े होने या घूमने का मतलब उस शख्स के साथ रिलेशनशिप में होना नहीं होता। सलमान खान की आने वाली फिल्म कभी ईद कभी दिवाली से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं हैं शहनाज। आपको बता दें शहनाज और होस्ट और डांसर राघव जुयाल भी सलमान खान की कभी ईद कभी दिवाली में शहनाज के साथ काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों को एक साथ कई जगहों पर देखा गया था जिसकी वजह से ही उनकी डेटिंग की अटकलें तेज हो गईं।

### ऋषिकेश ट्रिप पर थे साथ

बता दें कुछ समय पहले शहनाज और राघव की कुछ तस्वीरें सामने आईं थी जिसमें दोनों को साथ एंजॉय करते हुए देखा गया था। दोस्तों और इंडस्ट्री फ्रैंड्स के साथ वक्त गुजराते हुए शहनाज को देखकर लगता है कि अब वह धीरे-धीरे अपनी लाइफ में मूव ऑन कर रही हैं। उनके चहरे की रौनक धीरे-धीरे लौट रही है। कई इवेंट्स पर अब शहनाज का वही चुलबुला अंदाज नजर आता है।

### सिद्धार्थ शुक्ला से पहले किसके प्यार में थीं शहनाज

एक रिपोर्ट के मुताबिक बिग बॉस हाउस में सिद्धार्थ शुक्ला से मुलाकात करने से पहले शहनाज गिल गौतम गुलाटी के साथ प्यार में थीं। बिग बॉस हाउस में आने के बाद उनके गौतम के प्रति प्यार का खुलासा हुआ था। वह खुद को उनकी सबसे बड़ी फैन बताती थीं। इसके अलावा शहनाज गिल कार्तिक आर्यन को भी बहुत पसंद करती हैं।

# श्रीकृष्ण जन्म के लिए सज रहे मंदिर

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल, मध्यरात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में होगा नटखट कन्हैया का जन्म

**कटनी, यशभारत।** यशोदानंदन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल 19 अगस्त को शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कल मध्यरात्रि घरों के साथ ही मंदिरों में रोहिणी नक्षत्र में नटखट कन्हैया का जन्म होगा और इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उल्लास चहुंओर बिखर जाएगा। जन्माष्टमी के एक दिन पहले आज मंदिरों में तैयारियां की जाती रहीं। विदित हो कि जन्माष्टमी का पर्व शहर में धूमधाम एवं हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में मनमोहक झांकियां सजाई जाती है और बरही रोड स्थित सत्यनाराणयण मंदिर में मेले का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा श्री बधाई उत्सव कमेटी के तत्वावधान में दधिकांदो महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है। जन्माष्टमी पर्व की धूम करीब एक सप्ताह तक शहर में रहती है। सिविल लाईन स्थित मघई मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, सिल्वर टाकीज के पास स्थित श्री गोविंद देव जी मंदिर, कमानिया गेट के पास स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर के अलावा ग्राम बांधा इमलाज स्थित ऐतिहासिक श्री कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी के पर्व पर भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक और चित्ताकर्षक झांकियां सजाये जाने के साथ प्रभु का जन्मोत्सव अपार श्रद्धा भक्ति के साथ उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार दधिकांदो महोत्सव की शोभायात्रा 21 अगस्त रविवार को अपार श्रद्धाभक्ति के बीच निकाली जा रही है। बधाई उत्सव कमेटी द्वारा शोभायात्रा की तैयारियां पिछले एक पखवाड़े से की जा रही हैं। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर नगर में मनाये जाने वाले दधिकांदो महोत्सव की तैयारियां वृहद स्तर पर की जा रही है। इस अवसर पर दधिकांदो महोत्सव की शोभायात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होकर सुक्खन चौक, झण्डा बाजार, घंटाघर, गर्ग चौराहा, भगवती चौराहा, हीरागंज, गजानन टाकीज, गोलबाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झण्डा बाजार होते हुए वापस लक्ष्मीनारायण मंदिर पंहुचकर समाप्त होगी।



### बांधा मंदिर में धर्म प्रेम भक्ति के साथ आयोजित होगी जन्माष्टमी

कल संपूर्ण विश्व के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण के जन्म अवसर पर जन्माष्टमी पूर्ण धार्मिक वैदिक परम्परा, प्रेम मय भजन तथा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से आयोजित होगी। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति द्वारा प्रेषित आयोजन के संबंध में ज्ञात कराया गया है कि प्रातः 7 बजे से भगवान का नित्य दैनिक पूजन तथा अभिषेक होगा। प्रातः 9 बजे से स्थानीय श्रेष्ठ भजन गायक रिन्कू महाराज की संगत में गोविंद भजन मंडल बड़खेरा द्वारा रसमय भजन प्रारंभ होगें। अपरान्ह 1 बजे से अनिल गौतम के सानिध्य में सद्भावना रामायण मंडल हरदुआ के द्वारा श्री राधा कृष्ण मय भजन वर्षा होगी। अपरान्ह 3 बजे विद्धान भागवताचार्य पं. रमाकांत पौराणिक जी के द्वारा सुंदर प्रवचन द्वारा प्रवाहित होगी। सायं 6 बजे से आचार्य ब्रम्हानंद दास जी महाराज के द्वारा संगीतमय भजन एवं प्रवचन होंगे। रात्रि 8 बजे से सचिन समदरिया के संचालन में जय मॉ आसमानी रामायण मंडल देवरी हटाई के द्वारा श्रेष्ठ पार्श्व गायक गायिकाओं के भजन रात्रि पर्यन्त जारी रहेंगे। इनके साथ ही पुरूस्कार प्राप्त बांसुरी वादक मयंक गांधी का बांसुरी वादन तथा निटर्रा ग्राम के भक्तों द्वारा आकर्षक गोप नृत्य भी होगा। रात्रि मध्य ठीक 12 बजे संपूर्ण वैदिक विधानों के तहत भगवान का जन्म होगा साथ ही दर्शन हेतु भगवान की जन्म झॉकी उपलब्ध होगी। समस्त श्रद्धालु जनों से समिति एवं मंदिर परिसर के द्वारा बांधा मंदिर पधारने की प्रार्थना की गई है।

### कृष्ण जन्माष्टमी का मुहूर्त

भगवान श्रीकृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, इसलिए जन्माष्टमी रोहिणी नक्षत्र में मनाया जाना सर्वोत्तम माना गया है, परन्तु पंचांग के अनुसार इस वर्ष 19 की मध्यरात्रि के बाद रात्रि 1 बजकर 55 मिनट से रोहिणी नक्षत्र आरम्भ होगा। अत: रोहिणी नक्षत्र 18 एवं 19 दोनों ही दिन मध्यरात्री रात्रि के समय नहीं रहेगा।

#### जन्माष्टमी की तिथि

18 अगस्त : अष्टमी तिथि आरंभ रात 09 बजकर 20 मिनट से

19 अगस्त : अष्टमी तिथि समाप्त रात 10 बजकर 59 मिनट तक

निशिथ ;रात्रिद्ध पूजा का समय ;18 अगस्तद्ध रात 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 42 मिनट तक।

#### शास्त्र के अनुसार पारण समय

पारण समय अगस्त 19 को 10:58 बजे के बाद।

शास्त्र के अनुसार वैकल्पिक पारण समय

19 अगस्त को प्रातः 05:45 बजे के बाद भी किया जा सकता है।


**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकरी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740


**Presiding officer तरूणेन्द्र प्रताप सिहं**

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1909 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

एस यू एम 1/2022 राजेन्द्र प्रसाद शर्मा वि रामप्रताप शर्मा

CNR / MP2107000572 / 2022 प्रो नं 250/2022 पेशी/ 29/08/2022

प्रेषिती

**1. आम जनता बरही जिला-कटनी मध्यप्रदेश**

यह कि प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने आपके विरूध उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विविध वाद संस्थित किया है । आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिये समन किया जाता है ण् आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संक्षिप्त सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि उस अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य दस्तावेज या अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे । आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो बाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण माध्यस्तम के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराये। यह आज दिनांक 28/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया। कृपया ध्यान दे अगर किसी कारणवश उक्त दिवस को अवकाश घोषित होता तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जावेगा।

**Y.P. Tiwari ad. Civil Court Barhi Mob.9691784997 )**

## ससुराल में दामाद ने की थी चोरी

### पत्नी व सास की रिपोर्ट पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने सूने घरों में ताला तोड़कर लगभग 1 लाख रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध चोरी और मारपीट के मामले सहित 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया आरोपी शनि शिवहरे की पत्नी और सास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शनि ने घर से फ्रीज, लकड़ी की अलमारी, लोहे की अलमारी, सोफा सहित नगदी पार कर दिया है। इसी प्रकार कमलेश सुहाने ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा घर से लेपटॉप, चांदी की पायल, चांदी की गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा और 10 हजार रुपए नगद पार कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामलों की जांच शुरू की और शनि शिवहरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने ससुराल व कमलेश सुहाने के यहां चोरी करने के साथ-साथ मारपीट करना स्वीकार किया। पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से दो लॅपटॉप, चांदी के जेवरात, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा, फ्रीज, अलमारी, सोफा सहित लगभग 1 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



भगवान की मूर्तियां सहित एक लाख का सामान बरामद

## जादूटोना के संदेह में एक ही परिवार के 6 सदस्यों को गांव से बाहर निकलने की सजा

### बारिश में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहा पीड़ित परिवार

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनारी के छीताफल गांव में टोना टोटका के शक में एक ही परिवार के 6 लोगों को गांव से बाहर निकालने की सजा सुनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक सभी लोगों को वापस गांव में रहने के लिये कहा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सिलौंडी से तकरीबन सात किलोमीटर दूर स्थित ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत कचनारी के छीताफल गांव में जादू टोना एवं टोटका विद्या के संदेह पर एक ही परिवार के 6 सदस्यों को गांव से बाहर निकाल दिया गया। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत कचनारी के आश्रित ग्राम छीताफल में विगत दस साल से रहने वाले सुमित सिंह, पत्नी उषा बाई, पिता श्याम सिंह, पत्नी झम्मी बाई तथा दो छोटे-छोटे बच्चों को गांव से बाहर जाने का फरमान जारी किया गया है। बताया जाता है कि गांव में तीन लोगों की मौत हो गयी थी। इसके पीछे टोना टोटके का संदेह व्यक्त किया जा रहा था और आशंका जताई जा रही थी कि इसी परिवार के लोगों ने किसी विद्या का प्रयोग किया है। बारिश के मौसम में गांव से निकाला गये लोगों में 6 और 10 साल के बच्चे भी शामिल हैं जो बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने के लिये मजबूर हो गये हैं। घटना के संबंध में जब सिलौंडी चौकी प्रभारी हरवचन सिंह से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि परिवार से मिलकर उन्हें गांव में ही रहने के लिये कहा गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया गया है।

ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत छीताफल गांव की घटना




## विषपान से चार की मौत

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली, स्लीमनाबाद व बहोरीबंद थाना अंतर्गत घटित अकाल मौत की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली के शेरचौक क्षेत्र में विषपान से गंभीर शास्त्री कालोनी निवासी 45 वर्षीय राजेश पिता उमाशंकर गुप्ता की जबलपुर के मेट्रो अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम डोहली निवासी 40 वर्षीय अरविंद पिता गोविंद पटेल की विषपान के बाद जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं बहोरीबंद थाना अंतर्गत बहोरीबंद बस्ती निवासी 35 वर्षीय संतोष पिता मुकुंदी लाल पटेल व ग्राम हथियागढ़ निवासी 24 वर्षीय मिंटू पिता कृष्ण कुमार लोहार की विषपान के बाद जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)